52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.0 °c अधिकतम 14.8 °c

अमृतवाणी

फूल कितना भी सुंदर हो
तारीफ उसकी खुशबू से होगी,
इंसान कितना भी बड़ा हो
इज्जत उसके गुणों से होगी।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

भाजपा सरकार के रहते युवा पीढ़ी का कोई भविष्य नहीं है, भाजपा के कारण नववर्ष भी अंधकारमय रहेगा : अखिलेश यादव

काश... आपके दर्द को मतदाता सच मान लेते.....

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:33 | वर्ष : 52/ अंक : 04 | शनिवार, 04 जनवरी 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या

मुजफ्फरनगर, 3 जनवरी (बु.)। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के बेगराजपुर इण्डस्ट्रियल एरिया में आरोपी ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। दुष्कर्म के बाद हत्यारा बच्ची के शव को कमरे में बंद कर फरार हो गया। देर रात में ही पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी कर ली। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर उसे घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े जाने पर पता चला कि आरोपी मूल रूप से आसाम का निवासी है।

मिली जानकारी के अनुसार आसाम के गांव बेरगाजली जिला उदलगिरी निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी व अपनी छह वर्ष की बेटी के साथ बेगराजपुर इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थित बालाजी क्रिस्टल फैक्ट्री में कार्य करता है। फैक्ट्री के ठीक सामने बाहर से काम करने वाले मजदूर आए हुए हैं, जिन्होंने लेबररूम बना रखी है। गुरूवार को दम्पती अपनी बेटी को घर में अकेला छोड़कर फैक्ट्री में काम करने के लिए गए हुए थे। शाम को दम्पती में से महिला जब कार्य करके अपने कमरे पर वापस आई तो अपनी बेटी उसे कहीं नहीं

दिखाई दी। उसने जब आसपास तलाश किया तब भी उसका कोई अता-पता नहीं चला। तभी पड़ोसियों ने बताया कि उसकी बेटी को पड़ोस में ही रहने वाला इमानविल उर्फ सैमुअल पुत्र आदम के सगमा निवासी गांव कटहल गुड़ी, जिला नगवा, असम बिस्किट दिलाने के लिए ले गया था। बाद में वह बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने कमरे पर ले गया। ढूंढते-ढूंढते मां जब आरोपी के कमरे तक पहुंची, तो वहां ताला लगा हुआ था। मां ने पड़ोसियों के साथ मिलकर कमरे का ताला तोड़ा तो मां के होश उड़ गए। बच्ची कमरे में नग्न अवस्था में खून से लथपथ मृत पड़ी हुई थी, तुरन्त इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

सीओ खतौली रामाशीष यादव ने बताया कि पुलिस द्वारा हाथों-हाथ कार्यवाही को अंजाम देते हुए बेगराजपुर के जंगलों से आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आरोपी पर गोली चलानी पड़ी, जिसमें वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे उपचार के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

अवैध ई-रिक्शाओं पर सख्त दिखे डीएम, तत्काल बंद करने के निर्देश

अवैध ई-रिक्शाओं के तत्काल बंद करने के जिलाधिकारी के निर्देशों से वोट लेने वाले नेताओं को होगी भारी परेशानी

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। पिछले कई माह से लगातार डीएम अपनी विभिन्न बैठकों में अवैध ई-रिक्शाओं पर लगाम लगाने के आदेश जारी कर रहे हैं। मगर विभिन्न विभाग कुछ दिन तक खानापूर्ति करते हैं और उसके बाद सब ढ़ाक के तीन पात हो जाते हैं। शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्र की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाये जाने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को हुई बैठक जूम ऐप के दौरान डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मुजफ्फरनगर को एक्शन प्लान तैयार कर समस्त स्टेक होल्डर, विभागों व कार्यवाही संस्थाओं को अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त डीएम ने शहर के अन्दर चल रही अवैध ई-रिक्शाओं से होने वाली भीड़ के बारे में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी

व ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शाओं से होने वाली भीड़ को कम करने हेतु निर्देशित किया। इसी के साथ-साथ डीएम ने स्पष्ट कहा कि यदि नाबालिग या बिना लाइसेंस लिये अथवा पूरे कागज के साथ कोई रिक्शा चलाता ना दिखाई दे तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसी के साथ-साथ उन्होंने अवैध ई-रिक्शाओं को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये। इसी के साथ-साथ डीएम ने ओवर लोडिड वाहनों, गन्ने से भरे ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्रॉलों, अनफिट वाहनों पर कार्यवाही किये जाने के पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। ई-रिक्शाओं के साथ-साथ शहर के मुख्य मार्गों पर नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा कूड़ा कचरा डालने से जो बीमारियां फैल रही हैं, उक्त कूड़ा कचरा वैकल्पिक स्थानों पर डलवाने के नगरपालिका अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। कुर्सियों पर बैठे नेताओं की मंशा तो पहले से ही नगर की परेशानियां दूर करने में अपवित्र दिखाई पड़ती है। ना तो उन्हें शहर की सड़कों के गड्ढे दिखाई पड़ते ओर ना ही अवैध ई-रिक्शाएं उनके लिए कोई जंजाल है, क्योंकि उक्त नेता कुर्सी पर बैठने के बाद आंखों पर काली पट्टी और कान में रूई डालकर बैठे हुए हैं। ऐसे में ना तो उन्हें अवैध ई-रिक्शाओं का जंजाल दिखाई पड़ता है और ना ही जाम। डीएम ने तत्काल इन अवैध ई-रिक्शाओं को बंद करने के निर्देश शुक्रवार को दे दिये हैं। शायद इसकी सबसे ज्यादा परेशानी वोट बटोरने वाले नेताओं को ही होगी। हो सकता है कि सिफारिशों का दौर कार्यवाही होने से पहले ही ना शुरू हो जाये, क्योंकि 2027 के चुनावों में आम जनता को गुमराह कर सभी पार्टियों के नेताओं को फिर वोट बटोरने हैं। ऐसे में वें अवैध ई-रिक्शा चलाने वाले चालकों के सबसे बड़े खैरख्वाह बनने की कोशिश करेंगे। मगर उन्हें यह नहीं पता इस बार जनता उनका माकूल इलाज करने के मूड़ में बैठी है, जिन्हें अवैध ई-रिक्शा चालकों से अधिक प्रेम है, वें उनके बीस हजार वोट लेकर घर में अभी से बैठ जायें, क्योंकि बाकी की लाखों जनता इस बार आपके वोट मांगने का इंतजार कर रही है कि आप जब गलियों में निकले तो आपसे सवाल किये जायें कि कितनी

शहर की सड़के आपके द्वारा बनवाई गयी हैं और क्यों अवैध ई-रिक्शाओं के मुद्दे पर आपकी जुबान पर ताला लगा हुआ था। यहां तक कि उन्हें छुड़वाने के लिए आप लोगों ने बढ़-चढ़कर क्यों हिस्सा लिया। वोट आपको शहर की सड़कों पर पैदल चलने वाली और जाम में फंसने वाली जनता ने हर बार दिया है, मगर इस बार आपके माकूल उपचार की तैयारी पहले से ही कर ली गयी है। ऐसे में अब देखना यह होगा कि डीएम के आदेशों के बाद कौन-कौन से दलों के नेता इन अवैध ई-रिक्शाओं को छुड़वाने में सिफारिश करते हैं।

रिश्वत में 40 हजार न देने पर गलत एस्टीमेट बनाने वाला जेई निलंबित

बुढ़ाना, 3 जनवरी (बु.)। एक उपभोक्ता ने जब रिश्वतखोर विद्युत जेई को रिश्वत में 40 हजार रुपये नहीं दिए तो उसका गलत एस्टीमेट बना दिया गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत रालोद विधायक को की और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जांच हुई तो मामला सही निकला। इसी को लेकर जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल बालियान ने बताया कि उनको बुढ़ाना देहात के विद्युत जेई अखिलेश कुमार सरोज की काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी। एक शिकायत बुढ़ाना पुलपार स्थित ग्रीन हॉस्पिटल के आनर की थी, जिसमें ग्रीन हास्पिटल बुढ़ाना के परिसर से 11 हजारी केवी लाईन को शिफ्ट करने की बात थी। आनर द्वारा बार बार जेई से आग्रह किया गया लेकिन वे 40 हजार रुपये रिश्वत लेने की जिद पर अड़े थे और उनको बार-बार चक्कर कटा रहे थे, जबकि ग्रीन हास्पिटल के आनर एक सम्मानित व्यक्ति हैं। जब हॉस्पिटल के ऑनर ने जेई अखिलेश कुमार सरोज को 40 हजार रुपए देने से साफ मना कर दिया था आरोप है कि जेई ने हॉस्पिटल के ऑनर को इमोशनली ब्लैकमेल करते हुए उनका स्टीमेट गलत तरीके से बना दिया। जिसकी शिकायत रालोद विधायक राजपाल बालियान के दरबार में पहुंची तो जेई से पहले से ही खफा विधायक ने इस शिकायत को लैटर पैड पर लिखकर विभाग के उच्चाधिकारियों को शिकायत की और उनको समय समय पर जेई व उपभोक्ता के बीच हुई बातचीत की ओडियो भी भेजी, जिसमें जांच में मामला सही पाए जाने पर शुक्रवार को जेई को निलम्बित कर दिया गया। अब निलम्बित जेई को खतौली कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। निलम्बन में कहा गया है कि इस मामले में अनियमित्ता बरतने, आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में लापरवाही बरतने व लाईन लॉस नियंत्रित न करने के लिये प्रथम दृष्टया जेई अखिलेश दोषी पाए गये हैं।

कहते हैं निलम्बित विद्युत जेई...

बुढ़ाना। इस संबंध में जब बुढ़ाना देहात के विद्युत जेई अखिलेश कुमार सरोज से बात हुई तो उन्होंने बताया कि स्टीमेट मेरे द्वारा बिल्कुल सही तरीके से बनाया गया था। यह तो मुझसे बाद में बढ़वाया गया था। रिश्वत मांगने के आरोप बिल्कुल गलत हैं। अगर स्टीमेट मुझसे गलत बन भी गया था तो उपर के अधिकारी काहें के लिए बैठे हैं। उनको मुझे बताना चाहिए था। मेरा कोई भी कसूर नहीं है। बस राजनैतिक दबाव में मुझे निलम्बित किया गया है। सही तरीके से जांच हो तो मेरा कोई भी दोष नहीं निकलेगा।

जेई के साथ मारपीट प्रकरण में जानलेवा हमले का केस दर्ज

छपार, 03 जनवरी (बु.)। विद्युत जेई के साथ मारपीट के प्रकरण में छपार पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं भाकियू नेताओं ने जेई के खिलाफ छपार थाने पर धरना-प्रदर्शन किया। एसडीएम सदर ने सीओ सदर के साथ धरनारत किसानों के बीच पहुंच जांच एवं कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया। छपार थाना क्षेत्र के बिजोपुरा गांव में स्थित बिजलीघर के जेई शैलेन्द्र सिंह द्वारा गांव में जांच की कार्यवाही किए जाने के बाद कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौच कर मारपीट कर दी, जिससे जेई घायल हो गए। उक्त प्रकरण में विनय प्रधान, दीपक, रजत, आशु, सोनू के खिलाफ जान से मारने का प्रयास एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस छपार पुलिस द्वारा दर्ज किया गया। उधर भाकियू कार्यकर्ताओं ने जेई पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाकर बिजोपुरा बिजलीघर पर धरना शुरू किया। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने सीओ सदर राजू कुमार साव व तहसीलदार सदर के साथ मौके पर पहुंच धरनारत किसानों से वार्ता कर उन्हें सही जांच करने का भरोसा दिलाया।

मारपीट में घायल जेई अस्पताल में उपचार कराते हुए

पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान व गन्ना मंत्री सुरेश राणा सहित बारह भाजपा नेताओं पर कोर्ट में आरोप हुए तय

मुजफ्फरनगर, 3 जनवरी (बु.)। नंगला मंदौड़ पंचायत में भड़काऊ भाषण मामले में पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा व पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान सहित 12 भाजपा नेताओं पर कोर्ट द्वारा आरोप तय कर दिये गए हैं। आरोपियों की सफाई साक्ष्य के लिए कोर्ट ने 30 जनवरी की तिथि तय की है तथा इसी मामले में भाजपा नेताओं पर दर्ज निजी परिवाद मामले में भी सभी भाजपा नेताओं पर आरोप तय हुए हैं। दोनों ही मामलों में 30 जनवरी की तारीख तय की गयी है। आपको बता दें कि 31 अगस्त वर्ष 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिये थे। इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालयान, पूर्व सांसद भारतेन्दु, चेयरमैन श्यामपाल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, साध्वी प्राची, मिंटू, योगेश, बिट्टू सिखेड़ा, रविन्द्र, सचिन, शिव कुमार, विरेन्द्र प्रमुख सहित 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। सभी के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की गयी थी। इस मामले में शिवकुमार की फाइल अलग की गयी थी, जबकि एक आरोपी विरेन्द्र प्रमुख की मौत हो चुकी है। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह व विक्रान्त मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट में सभी भाजपा नेता पेश हुए। कोर्ट ने सभी नेताओं पर आरोप तय कर दिये हैं। अभियोजन को सफाई साक्ष्य पेश करने के लिए 30 जनवरी की तारीख नियत की है।



फिर हुई पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की जमानत अर्जी खारिज

मुजफ्फरनगर, 3 जनवरी (बु.)। शुक्रवार को भी पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की जमानत अर्जी एडीजे प्रथम कोर्ट में खारिज कर दी गयी। आपको बता दें कि पूर्व विधायक शाहनवाज राणा जीएसटी चोरी के मामले में जिला कारागार में पांच दिसम्बर से बंद हैं। इस मामले में ठीक एक माह पूरा होने जा रहा है। शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने शाहनवाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अब बचाव पक्ष हाईकोर्ट पहुंचेगा। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को शाहनवाज राणा पर जीएसटी टीम पर हमले के आरोप के साथ साथ जीएसटी चोरी का मामला भी सिविल लाइन थाने में दर्ज कराया गया था। शुक्रवार को जीएसटी चोरी मामले में जमानत अर्जी पर सुनवाई एडीजे प्रथम गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने अभियोजन की ओर से रखे गए तर्क सुनने के बाद पूर्व विधायक की जमानत खारिज की दी। कोर्ट का कहना था कि कम्पनी बनाकर बैलेंस शीट के जरिए फर्जीवाडा किया गया है, वहीं पूर्व विधायक का बड़ा आपराधिक रिकॉर्ड भी है। इस आधार पर जमानत देना पर्याप्त आधार नहीं है।

निजी परिवाद में भी सभी आरोपियों पर आरोप तय

मुजफ्फरनगर, 3 जनवरी (बु.)। निजी परिवाद के मामले में भी सभी 20 नेताओं पर आरोप तय हो गए हैं। यहां भी बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को निजी परिवाद मामले में भाजपा नेताओं सहित सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद सोमवीर सिंह, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, पूर्व विधायक अशोक कंसल कोर्ट में पेश हुए। इस मामले में भी सभी नेताओं के खिलाफ आरोप तय हो गए हैं। सफाई साक्ष्य के लिए 30 जनवरी की तिथि ही नियत की गयी है।

रामपुर तिराहाकांड : एक केस में नहीं सुनवाई, दूसरे में हुई बहस

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में सुनवाई हुई। ब्रजकिशोर मामले में अभियोजन की तरफ से कोर्ट में बहस की गई, जबकि सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में बचाव पक्ष के गवाह की गवाही नहीं हो सकी। कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तिथि निर्धारित की गयी है। विदित रहे कि एक अक्टूबर 1994 की रात पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है टकराव होने पर पुलिस की तरफ से आंदोलनकारियों पर फायरिंग कर दी गयी, जिसमें सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी। वहीं महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले भी सामने आए थे। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई की तरफ से सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे। शुक्रवार को रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम ब्रजकिशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले की सुनवाई एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई है। उत्तराखंड संघर्ष समिति के अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में गवाह की गवाही नहीं हो सकी। वहीं सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में अभियोजन ने बहस की। दोनों मामलों में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तिथि नियत की है।

तेंदुए दिखने से ग्रामीणों में दहशत

बुढ़ाना, 3 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के एक गांव में कई तेंदुए देखने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वन विभाग की टीम लगातार जंगल में सर्च अभियान चलाकर तेंदुए की तलाश में लगी है। वन विभाग की टीम को अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। तहसील क्षेत्र के गाँव दुर्गनपुर के जंगल में तेंदुओं द्वारा डेढ़ महीने में करीब एक दर्जन पशुओं को अपना शिकार बनाया जा चुका है। जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है। तहसील क्षेत्र के गांव राजपुर, छाजपुर, दुर्गनपुर, बिराल, सेनपुर, हरियाखेड़ा आदि गांव के जंगल में डेढ़ माह से तेंदुए का पूरा परिवार लगातार देखा जा रहा है। तेंदुए दुर्गनपुर के जंगल में तीन दिनों में विजयपाल, टीटू व रवि के ईख के खेतों में तीन नीलगायों सहित दर्जनों कुत्तों व भेड़ों को अपना शिकार बना चुके हैं। गांव दुर्गनपुर निवासी सहदेव ने बताया कि तेंदुओं के जंगल में होने से किसानों मे दहशत है। उनके सामने खेतों में पानी देने, गन्ने की छूलाई व पशुओं के चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। दूसरी ओर वन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि टीम द्वारा तेंदुओं की तलाश में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

सहारनपुर में हमलावरों के हौसले बुलंद, डीलर की गोली मारकर हत्या

सहारनपुर, 03 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के गागलहेड़ी कस्बे की पुरानी सब्जी मंडी में रात दो हमलावरों ने घर में घुसकर बिस्तर पर लेटे प्रॉपर्टी डीलर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देकर हमलावर पैदल ही भाग गए।मृतक सुरेश कुमार उम्र 40 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह हरियाणा में प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त का काम करता था। रात करीब पौने नौ बजे वह खाना खाकर अपने कमरे में लेटा हुआ था। बगल वाले कमरे में उसकी पत्नी थी और बरामदे में 17 वर्षीय बेटा यश अपने दोस्तों के साथ बैठा था। इसी दौरान दो युवक पैदल ही घर में आ गए। जब तक कोई कुछ समझता, वे सीधे बरामदा पार करते हुए सुरेश के कमरे में घुस गए। बिस्तर पर लेटे सुरेश पर ताबड़तोड़ गोलियां कर बरसा दीं। गोलियों की आवाज सुनकर पत्नी दौड़कर कमरे में पहुंची तो सुरेश लहुलुहान हालत में बिस्तर पर पड़े थे और हमलावर भाग गए थे। पत्नी और बेटे ने शोर मचाया तो पड़ोसी इकट्ठा हुए। उन्होंने हमलावरों का पीछा भी किया, लेकिन वह पैदल ही देहरादून रोड पर पेट्रोल पंप की तरफ से भागने में सफल रहे।

सर्द हवाओं ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, गिर रहा लगातार तापमान

न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री दर्ज किया गया

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। बीते एक सप्ताह से जनपद में शुरू सर्द हवाओं व शीतलहर का प्रकोप अभी कम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे पूरे जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त सा बना है। इन्हीं हालातों के बीच शुक्रवार सुबह भी समूचा शहर और नेशनल हाईवे कोहरे की घनी चादर में लिपटा मिला। ऐसे में सड़कों पर बिना हेड लाइट वाहन चलाना मुश्किल हो गया। उधर, पूरे दिन घरों व दुकानों पर तमाम लोगों ने अंगीठी व हीटर जलाकर कड़ाके की ठंड से इस बीच अपना बचाव करने के सभी प्रयास जारी रखें। दोपहर में कुछ देर के लिए आसमान में सूर्यदेव ने दर्शन दिए, जिससे लोगों के साथ अन्य जीव-जंतुओं ने राहत की सांस ली।

दिल्ली-एनसीआर के साथ वेसट यूपी में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का प्रकोप जारी है, जिससे जनपद मुजफ्फरनगर भी अछूता नहीं है। कई दिनों से जारी सर्दी के प्रकोप के बीच शुक्रवार को भी दिल्ली-देहरादून हाईवे से अन्य संपर्क मार्गों पर घना कोहरा देखने को मिला। इस कारण दृश्यता काफी कम हो गई। घने कोहरे का असर ट्रैफिक पर देखने को मिला और तमाम गाड़ियां सड़कों पर रेंगते हुए दिखी। शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच घने कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर भी देखने को मिला। रोडवेज बसों में भी सफर करना मुश्किल सा हो गया। वहीं गुरूवार की तरह शुक्रवार को भी दोपहर दो बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। शीतलहर के चलते जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त सा रहा, वहीं इसका प्रभाव सीधे लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है। आने वाले दिनों में भी सर्दी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। इस सप्ताह ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। धूप न निकलने से लोगों की कंपकंपी बंद नहीं हो रही है। कहना गलत न होगा कि जनवरी की शुरूआत से ही सर्दी वेस्ट यूपी में सितम ढहा रही है। ऐसे में लोगों को घरों से ठंड नहीं निकलने दे रही। अधिकांश समय हीटर व अलाव के सहारे समय व्यतीत करने को विवश हैं और बहुत जरूरी कामों से ही घरों से निकल रहे हैं। इसका असर बाजारों पर पड़ रहा है। हर समय ग्राहकों से गुलजार रहने वाले अधिकांश बाजारों में सन्नाटा सा पसरा रहता है। मौसम विभाग की ओर से जारी तापमान शुक्रवार को अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री रहा, जबकि गुरूवार को अधिकतम तापमान 14.1 डिग्री और न्यूनतम 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अभी आने वाले दिनों में सर्दी से निजात मिलने के आसार नहीं हैं। कोहरा और बादल छाए रहेंगे।

इन बेजुबानों को किसका सहारा

बेशक इनमें जुबान न हो, मगर सूझ-बूझ तो है। जब सरकारी अलाव जले तो उक्त अलाव इंसानों के साथ-साथ बेजुबानों का भी सहारा बनें और एक बेजुबान श्वान अलाव की राख की तपन लेने के लिए सूझ-बूझ दिखाते हुए उसके करीब लेट गया।

धनगर समाज के प्रदर्शन व जाम के मामले में चार आरोपी कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर, 3 जनवरी (बु.)। अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में वर्ष 2019 को शहर में धनगर समाज का प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान जाम भी लगाया गया था। शुक्रवार को उक्त मामले में चार आरोपी कोर्ट में पेश हुए। आपको बता दें कि 25 फरवरी 2019 को जीआईसी मैदान में धनगर समाज के लोग अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाने की मांग को लेकर एकत्रित हुए थे, जहां प्रदर्शन के बाद लोगों ने प्रकाश चौक, महावीर चौक, कलेक्ट्रेट व सरकुलर रोड पर हंगामा कर जाम भी लगाया था। इस मामले में थाना सिविल लाइन ने वर्तमान विधायक मिथलेश पाल, मांगेराम, पुष्पांकर पाल, अमरनाथ पाल सहित 15 लोगों के खिलाफ जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किये थे। उक्त मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को इस मामले के चार आरोपी बबलू पाल, सुरेशपाल, श्रीपाल व विनयपाल कोर्ट में पेश हुए। रालोद विधायक मिथलेश पाल समेत 11 आरोपियों की ओर से कोर्ट में हाजिरी माफी दी गयी। इस मामले में सुनवाई के लिए 18 जनवरी की तिथि नियत की है। मामले में सभी आरोपियों पर आरोप तय हुए हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 03 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 04 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1809-नेत्रहीनों के लिये 'ब्रेल लिपि' का निर्माण करने वाले प्रसिद्ध व्यक्ति लुई ब्रेल का जन्म। 1906-प्रसिद्ध कम्युनिस्ट, स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी एवं राजनीतिज्ञ विष्णु दामोदर चितले का जन्म। 1965-हिन्दी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता आदित्य पंचोली का जन्म। 1966-भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयूब खान के बीच भारत-पाकिस्तान सम्मलेन की शुरूआत। 1972-नई दिल्ली में 'इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिमिनालॉजी एंड फारेंसिक साइंस' का उद्घाटन। 1983-राजस्थान के वयोवृद्ध साहित्यकार, पत्रकार एवं इतिहासकार झाबरमल्ल शर्मा का निधन। 1988-भारतीय लेखक नाबिला जमशेद का जन्म। 1990-पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर में करीब 307 लोग मारे गए और उससे दोगुने घायल हुए। 1991-भारत के 12वें मुख्य न्यायाधीश जयंतीलाल छोटेलाल शाह का निधन। 1993-भारतीय महिला निशानेबाज अपूर्वी चंदेला का जन्म। 1994-हिन्दी फिल्मों के मशहूर संगीतकार राहुल देव बर्मन (आर. डी. बर्मन) का निधन। 1998-बांग्लादेश ने भारत को उल्फा महासचिव अनूप चेतिया को सौंपने से इन्कार किया। 1999-मंगल ग्रह पर भाप का विश्लेषण करने हेतु अमेरिकी यान 'मार्स पौसर लैंडर प्रोब' का प्रस्थान। 2002-ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भारत पहुँचे। 2004-भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाक प्रधानमंत्री जमाली के बीच इस्लामाबाद में वार्ता आयोजित। 2006-दुबई के शासक शेखमकतूम बिन रशीद अल मकतूम का निधन। 2008-गुजरात में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी मंत्रिमण्डल में 18 नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। 2009-पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने यूपीए से नाता तोड़ा। 2010-भारत में 'स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया' के आदेश पर शेयर बाजारों के खुलने का समय एक घंटा पहले सुबह 9 बजे कर दिया गया। 2016-भारत के 38वें मुख्य न्यायाधीश एस. एच. कपाड़िया का निधन। 2017-संगीत की दुनिया में प्रसिद्ध सितार वादक अब्दुल हलीम जाफर खाँ का निधन।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी, (बु.)।
गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1470, रसकट ढैया 1250-1255, चाकू 1450-1710, लड्डू 1600-1680, खुरपापाड़ 1490-1530, शक्कर मसाला 1700-1720। आमद- 3000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	79350	चांदी-	89300
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59345

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 04 जनवरी, 2024

मेष- परिश्रम से मनोरथ पूर्ण, लाभ का सुयोग, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, आपसी सौहार्द, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।
वृषभ- चिरवांछित कार्य बनने से प्रसन्नता, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, धार्मिक स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।
मिथुन- शुभ भावनाओं का उदय, विचाराधीन योजनाएं कार्यरूप में परिणित, स्वजनों से विचार-विमर्श, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, आत्मिक शांति।
कर्क- समय असंतोषजनक, न चाहने के बावजूद भी कार्य अधूरे, व्यावसायिक प्रगति में बाधा, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, वरिष्ठजनों सलाह अमान्य, सूझबूझ जरूरी।
सिंह- विविध पक्षों में प्रगति, वैमनस्यता का समापन, कर्ज की निवृत्ति, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, समस्याओं के समाधान में मित्र सहायक, परोपकार की भावना।
कन्या- परिश्रम के अनुरूप सफलता, नवयोजना की शुरूआत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, प्रसन्नता का माहौल।
तुला- व्यापार में धन निवेश, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, परिवार में उल्लास का वातावरण, शुभ कार्यों में अधिक व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, धन संचय में रुचि।
वृश्चिक- नव समस्याएं उपस्थित, कार्यों में निराशा, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद से कष्ट, व्यक्ति विशेष से धोखा की आशंका, मेल-मिलाप में अरुचि, व्यर्थ भ्रमण।
धनु- आरोग्य सुख, अधूरे कार्यों की पूर्ति, मित्रों से विचार-विनिमय, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, आर्थिक लाभ, संत समागम, अध्यात्म में आस्था।
मकर- किसी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन पक्ष में, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, घरेलू वातावरण सुखद।
कुम्भ- पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, कार्य-व्यवसाय में सफलता, जनसम्पर्क का सुयोग, उपस्थित व्यवधान समाप्त, हर्षोल्लास का वातावरण, मंगल कृत्य सम्पादित।
मीन- समय निराशाजनक, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, गुप्त चिन्ताओं से स्वास्थ्य प्रभावी, मानसिक कष्ट, प्रतियोगिता में असफलता, बने-बनाये कार्यों में अड़चनें, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भारत विकास परिषद मेन शाखा मुजफ्फरनगर ने धूमधाम से मनाया अंग्रेजी नववर्ष



मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बुस.)। शुक्रवार को भारत विकास परिषद मेन शाखा द्वारा नववर्ष का कार्यक्रम प्रिंस पार्टी हॉल, गांधी कॉलोनी में बड़ी धूम-धाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंकुर दुआ रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन अध्यक्ष संजय मिश्रा और शाखा सदस्यों ने किया। शुभारंभ वंदे मातरम के साथ किया गया। आज का कार्यक्रम 'आज की शाम संगीत के नाम' के अंतर्गत रेशु गुप्ता ने किशोर दा के कई गीतों को स्वर दिया। आशीष जी ने 'एक प्यार का नगमा है' की धुन को वायलिन पर प्रस्तुत किया। इस गीत को कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ. अंजलि गर्ग ने भी गुनगुनाया। डॉ. रीतू रानी ने अपनी एक कविता के माध्यम से भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला। वृतिका पंडित, श्रेयांसी शर्मा, नंदिता अग्रवाल ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। छोटी सी बच्ची आराध्या गुप्ता ने 'दिल है छोटा सा' गीत पर डांस कर सभी के मन को मोह लिया। नववर्ष के जश्न को सभी ने अपने गीतों और डांस के द्वारा अनोखा बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजलि गर्ग ने किया। मोहनलाल ने अपने चुटकुलों के द्वारा सभी का मनोरंजन किया। वीरेंद्र अग्रवाल ने 'चदरिया झीनी रे झीनी' गीत सुनाया। सुनीता शाह बंगाली गीत 'एकला चलो रे' को स्वर दिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रेशु गुप्ता, डॉ. बीके आत्रेय रहे। कार्यक्रम में अशोक सिंघल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, डॉ. दीपक गर्ग, आशु अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, बृजभूषण गुप्ता, शिवम गर्ग, अनुराग गुप्ता, अरुण मित्तल, मनीष गर्ग, विनीत गुप्ता, सुनीता शाह, बृज मोहन शर्मा, प्रीत वर्धन शर्मा आदि सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुंदर आयोजन सचिव नवनीत गुप्ता और कोषाध्यक्ष नीरज सिंहल ने किया। अंत में शाखा के संरक्षक हर्षवर्धन जैन और अध्यक्ष संजय मिश्रा ने सभी का आभार प्रकट किया और सभी को मुजफ्फरनगर गुड़ की नगरी की शान गुड़ और शक्कर मिष्ठान के रूप भेंट की गई। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का स्वाद लिया।

बेटे ने किया पिता का अनोखे अंदाज में अंतिम संस्कार

सुल्तानपुर, 03 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के सुल्तानपुर से एक अनोखे अंतिम संस्कार का मामला सामने आया है। यहां पिता की मौत पर बेटा रोया नहीं, बल्कि जश्न मनाया। वह ढोल-नगाड़े के बीच साथियों संग नाचते गाते श्मसान घाट पर पहुंचा। इसके बाद खुश होकर अंतिम संस्कार किया। मामले का वीडियो सामने आया तो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर वार्ड के दुगार्पुर मोहल्ले का है। यहां के निवासी रामकिशोर मिश्रा का करीब 20 दिन पहले निधन हो गया था। उनकी आयु 80 वर्ष से अधिक थी। बेटे श्रीराम ने अनोखे तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई। श्रीराम ने पिता की मौत पर रोने की बजाय उनके गोलोकवाशी होने पर जश्न मनाया। उन्होंने ढोल बजवाया। ढोल के बीच साथियों संग नाचते गाते पिता की अर्थी को श्मसान घाट तक ले गए। पिता की अर्थी पर उसी तरह नोट लुटाए, जिस तरह कोई आम आदमी शादी-विवाह की खुशी में नोट लुटाता है। वहां पर खुश होकर विधि विधान से पिता का अंतिम संस्कार किया। इसके बाद तेरह दिनों तक विधि विधान से क्रिया-कर्म संपन्न किए। यही नहीं तेरहवीं के दिन किसी शादी कार्यक्रम की तरह ही डीजे बजवाया। डीजे में नाचते गाते, खुशियां मनाते लोगों को भोज में खाना खिलाया। पिता के गोलोकवाशी होने पर उनके अंतिम क्रिया कर्मों को किसी शादी विवाह की तरह संपन्न किया।

गुडविल सोसायटी ने जिला अस्पताल को भेंट किए 51 कंबल

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बुस.)। आज गुडविल सोसायटी मुजफ्फरनगर के सौजन्य से जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर रहे मरीजों, तीमारदारों, स्वच्छता कर्मियों एवं स्टाफ की सुविधा हेतु 51 कंबल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल एवं सचिव होतीलाल शर्मा की उपस्थिति में सोसायटी के अन्य पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने अपने कर कमलों से भेंट किए। जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार के कार्यालय में उपस्थित कंबल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया एवं सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने सोसायटी के कार्य की सराहना करते हुए और समिति को धन्यवाद-पत्र भेंट करते हुए कहा कि गुडविल सोसायटी मानव हित के अनेक कार्य कर रही हैं, जिससे समाज में अच्छा संदेश जा रहा है। मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थितजनों ने स्वयं वार्ड में जाकर रोगियों एवं तीमारदारों को कंबल भेंट किये। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने जहां सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया, वहीं सोसाइटी के सचिव होतीलाल शर्मा ने अपने संबोधन में गुडविल सोसायटी द्वारा जनहित में किए जा रहे अनेक रचनात्मक कार्यों की जानकारी लोगों को दी। इस अवसर पर बीएम गुप्ता, भंवर सिंह, बोहरन लाल, बृजमोहन, डॉ. विवेक कुमार, कीमती लाल जैन, एल.के मित्तल, इ.लोकेश चंद्रा, मुकेश अरोरा, मुकेश लाल एडवोकेट, मुनेश सिंगल, विशाल कालरा, देवराज पवार, अंकुर गर्ग, ए.के अग्रवाल, मनोज जैन एलजी आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

प्रवासी भारतीय सम्मान: अवॉर्ड को 23 देशों की 27 हस्तियों का चयन

नई दिल्ली, 03 जनवरी (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के समापन सत्र में प्रवासी भारतीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की। इन पुरस्कार विजेताओं में वे लोग शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपने अद्वितीय योगदान से प्रवासी भारतीय समुदाय का नाम रोशन किया है। इस साल प्रवासी भारतीय सम्मान के लिए 27 विभूतियों का चयन हुआ है। विदेश में रहने वाले भारतीयों को दिए जाने वाले इस सर्वोच्च सम्मान के लिए चुनी गई ये हस्तियां 23 देशों में रहती हैं। इनका शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवसाय समेत कई अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान है।
इसमें से कुछ प्रमुख नामों में ब्रिटेन से बैरोनेस उषा कुमारी पराशर (राजनीति में), अमेरिका में डॉ। शर्मिला फोर्ड (समुदाय सेवा में) शामिल हैं। इसके अलावा कुछ संस्थाओं को भी यह सम्मान दिया जाएगा। प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार (2025) के लिए नामों की सिफारिश ज्यूरी-कम-अवॉर्ड कमेटी ने सिफारिश की थी। यह पुरस्कार विदेश में रहने वाले भारतीयों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जो भारतीय मूल के हैं या उन संस्थाओं या संगठनों को दिया जाता है, जो प्रवासी भारतीयों द्वारा स्थापित और संचालित हैं।
मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रपति प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के समापन सत्र में प्रदान करेंगी। ज्यूरी-कम-अवॉर्ड कमेटी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अध्यक्ष के रूप में और विदेश मंत्री एस जयशंकर उपाध्यक्ष के रूप में शामिल थे। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित सदस्य इस समिति का हिस्सा थे, जिन्होंने नामांकनों की समीक्षा की और सर्वसम्मति से पुरस्कार विजेताओं का चयन किया। पुरस्कार बाने वाले अन्य नामों में ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर अजय राणे (समुदाय सेवा में), ऑस्ट्रेलिया से डॉ। मरियालेना जोन फर्नांडीज (शिक्षा के क्षेत्र में) और रोमानिया से जगन्नाथ शेखर अस्थाना (व्यवसाय में) शामिल हैं।

एडीएम ने किया नगर में जल रहे अलाव व चल रहे रैन बसेरों का स्थलीय निरीक्षण

अब 24 घंटे अलाव जलवाने के ईओ को निर्देश

फोटो बुलेटिन — अलाव के सहारे बैठे परिवार की सुध लेते एडीएम वित्त गजेंद्र।

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। नगर में शुक्रवार को एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा नगर के शिव चौक, नॉवल्टी चौक, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन रोड, मालगोदाम रोड, साईं मंदिर, नई मंडी स्थित रेलवे स्टेशन, माल गोदाम रोड, रोडवेज रोड आदि काफी जगह पर जल रहे नगरपालिका के अलावों व रेन बसेरों का निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने बेसहारा और ठंड में ठिठुर रहे दर्जनों लोगों को कंबल भी एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने वितरित किए। साथ ही एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने ईओ प्रज्ञा सिंह को एक दर्जन और जगहों पर जहां अलाव की जरूरत है, वहां पर नए अलाव की व्यवस्था करने के दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने ईओ को आदेश दिए कि यह अलाव अब 24 घंटे जला करेंगे। इनके लिए सूखी लकड़ियों का इंतजाम होना चाहिए। साथ ही एडीएम ने रैन बसेरो में भी निरीक्षण किया और जिला अस्पताल के अंदर महिला और पुरुष रैन बसेरे के अंदर अवस्थाएं देखकर केयर टेकर को सख्त दिशा निर्देश दिए। रेन बसेरा में साफ स्वच्छ चादर, गद्दे और कंबल रखने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही लगातार 24 घंटे अलाव जलाने के निर्देश भी केयरटेकर को दिए गए। वहीं एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आज नगर में हर जगह का निरीक्षण किया गया है। साथ ही नगरपालिका द्वारा की जा रही सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है और कमियां मिलने पर ईओ प्रज्ञा सिंह को और बेहतरीन व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां और ज्यादा अलाव जलाने की जरूरत है, वहां के लिए अलाव भी कल से शुरू हो जाएंगे और लोगों को राहत और ठंड से बचने के लिए सड़क से उठाकर रैन बसेरों में भी हम लोग भेज रहे हैं और कंबल भी वितरण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ ईओ नगर पालिका प्रज्ञा सिंह साथ ही नगर पालिका के कर्मचारी भी मौजूद थे।

अफसरों ने पुलिस लाइन में कराया दंगा नियंत्रण का अभ्यास, दंगाईयों ने किया पथराव, पुलिस बजाई लाठियां

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बुस.)। जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु सहायक एएसपी व्योम बिंदल व अंडर ट्रेनिंग एएसपी राजेश गुनावत के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का अभ्यास दंगा नियत्रंण उपकरणों के साथ कराया गया। बवाल से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को अभ्यास कराया गया। शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में पुलिस फोर्स को दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया गया। इस दौरान मौजूद फोर्स को एन्टी रायट ड्रिल के संबंध में जानकारी दी गयी। अभ्यास से पूर्व पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए बताया कि भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने व बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियंत्रित करने तथा बलवाइयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का पुलिसबल द्वारा प्रयोग किया जाता है। ड्यूटी में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर बलवाइयों से किस तरह निपटेगी, यह भी पुलिस लाइन में अभ्यास कराया गया। इस दौरान मौजूद पुलिस बल को विभिन्न एन्टी रायट उपकरणों के बारे में जानकारी दी तथा ड्रिल का अभ्यास किये जाने से पूर्व स्वयं के द्वारा उपकरणों का डैमो दिया गया।

अचानक बलवा होने पर स्थिति को कैसे नियंत्रित करें, अफसरों ने पुलिस कर्मियों को दिया मंत्र

ठंड और शीतलहर से कांपा पूरा उत्तर प्रदेश

लखनऊ, 03 जनवरी (वार्ता)। राजधानी लखनऊ समेत समूचा उत्तर प्रदेश शुक्रवार को कड़ाके की ठंड और कोहरे की चपेट में रहा। अधिकतर जिलों में आज सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुये और बर्फीली हवाओं के बीच तापमान दस डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि कम से कम अगले 48 घंटों तक भीषण ठंड से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। इस अवधि में अधिसंख्य इलाकों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम आठ डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। छह जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इक्का दुक्का इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं हालांकि इससे तापमान में कोई खास फेरबदल की उम्मीद नहीं है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में इस अवधि में घना कोहरा गिरने का अनुमान है और इक्का दुक्का इलाकों में दृश्यता स्तर 300 मीटर से भी कम होने के आसार हैं।

योगी ने नये साल के पहले जनता दर्शन में दिया न्याय का भरोसा

गोरखपुर, 3 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

वनकर्मी पर वृद्ध ने लगाया गाली गलौच व मारपीट का आरोप, पुलिस से की शिकायत

भोपा, 3 जनवरी (बु.)। गांव सिताबपुरी के वृद्ध ने वनकर्मी पर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने कर चोटें पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिताबपुरी निवासी सीताराम ने दी तहरीर में बताया कि वह 70 वर्षीय बुजुर्ग है।
शुक्रवार को करीब 11 बजे वह अपने खेत में काम कर रहा था। आरोप है कि शुकतीर्थ वन विभाग का एक वनकर्मी वहां गया और उस पर सरकारी पेड़ काटने का झूठा आरोप लगाते हुए गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा, जिससे उसके शरीर में गुम चोटें आयी है, किसी तरह से उसने अपनी जान बचायी है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया कि सीताराम का पहले भी ट्रैक्टर सीज हो चुका है और इस बार भी वह वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने की नीयत से सरकारी पेड़ काटने का प्रयास कर रहा था, मारपीट व गाली गलौच के आरोप निराधार है।

मजदूरी के रुपए मांगने पर मारपीट का आरोप

मीरापुर, 3 जनवरी (बु.)। एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उससे गांव के ही व्यक्ति ने पहले अपने खेतों में मजदूरी कराई और फिर जब उसने अपनी मजदूरी के पैसे मांगे तो उसने देने से इंकार करते हुए मारपीट कर दी। क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी प्रियंत पुत्र सतीश ने थाने में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि वह गांव निवासी इस्लाम पुत्र फुरकान के खेतों पर मजदूरी का कार्य करता है और उसकी मजदूरी के 7,500 रुपए इस्लाम पर बाकी है। आरोप है कि गुरूवार की शाम उसने अपने मजदूरी के 7,500 रुपए इस्लाम से मांगे, तो उसने अपने साथी आमिर, भूरा व गुलजार के साथ मिलकर जाति-सूचक शब्द कहते हुए मारपीट की।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र ऋषभ वर्मा उर्फ अंकित वर्मा गलत संगत में पड़ गया है और मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने पुत्र ऋषभ वर्मा उर्फ अंकित वर्मा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र ऋषभ वर्मा उर्फ अंकित वर्मा किसी प्रकार का कोई लेन-देन या गैर कानूनी कार्य करता है। तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी भविष्य में मेरा अपने पुत्र ऋषभ वर्मा उर्फ अंकित वर्मा से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही होगा।

नीरज कुमार वर्मा
पुत्र स्व0 श्री रामकुमार वर्मा
म.न. 304, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर

डिप्टी मैनेजर को बंधक बनाने पर बाबा रामदेव के भाई और आचार्य बालकृष्ण समेत आठ को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

सहारनपुर, 03 जनवरी (एजेंसी)। पतंजलि आयुर्वेदिक लिमिटेड यूनिट-3 के डिप्टी मैनेजर को बंधक बनाकर मारपीट करने और डरा-धमकाकर संपत्ति हड़पने के मामले में अदालत ने आठ लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं। जिनके खिलाफ नोटिस जारी हुए हैं, उसमें बाबा रामदेव के सहयोगी आचार्य बालकृष्ण, बाबा रामदेव के भाई रामभरत भी शामिल हैं। अदालत ने 24 जनवरी सुनवाई की तारीख दी है। सरसावा थाना क्षेत्र के गांव सौराना निवासी अश्वनी कुमार ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय प्रियंका वर्मा की अदालत में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि वह पतंजलि आयुर्वेदिक लिमिटेड में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। आरोप था कि कंपनी के अधिकारी काफी समय से गलत कार्यों के लिए दबाव बना रहे थे। अश्वनी कुमार दबाव में नहीं आए। साजिश के तहत सात अक्टूबर 2024 को उनके साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और कमरे में बंद कर दिया। कोरे कागजातों पर हस्ताक्षर भी कराए गए। अश्वनी कुमार की मां ने मिलने के लिए संपर्क किया, तो उनके साथ भी अभद्रता की गई। प्रार्थनापत्र में यह भी आरोप लगाया था कि वहां पर कार्यरत सुरक्षाकर्मी बाबूलाल यादव ने अश्वनी कुमार को छोड़ने के एवज में रकम मांगी, जिस पर अश्वनी की मां ने कहा कि उनके पास रकम नहीं है, सिर्फ एक प्लॉट है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उनका प्लॉट पर 10 अक्तूबर को नकुड़ तहसील में पतंजलि योग ट्रस्ट के नाम पर दान पत्र लिखवा लिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उससे दो चेक लिए गए, तब जाकर छोड़ा गया। उनका त्याग पत्र भी ले लिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस मामले में पुलिस से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अश्वनी कुमार के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय प्रियंका वर्मा ने बाबा रामदेव के सहयोगी आचार्य बाल कृष्ण, बाबा रामदेव के भाई व पतंजलि आयुर्वेदिक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राम भरत और पांच सुरक्षाकर्मियों को नोटिस जारी किए हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक 541/E-Tender/P.W.D/NPP/2024-25 दिनांक 02/01/2025

ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2024–25 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 75 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 18/01/25 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 04/01/25 की प्रातः 10:00 से दिनांक 18/01/25 की अपराह्न 4:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं को दिनांक 20/01/25 की प्रातः 10:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते है।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

1973-2025

सम्पादक की कलम से

जियाउररहमान बर्क और केजरीवाल

समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क की याचिका पर प्रयागराज हाई कोर्ट ने कहा है कि यह एफआईआर रद्द नहीं होगी और पुलिस जांच जारी रहेगी। केजरीवाल पर प्रधानमन्त्री मोदी ने जबरदस्त तंज करते हुए कहा है कि मैं भी शीशमहल बनवा सकता था। जियाउररहमान बर्क ने यह सोच कर याचिका दायर की थी कि उन्हें उनकी याचिका ही से अदालत निर्दोष मान लेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हाईकोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया है कि सांसद बर्क की गिरफ्तारी नहीं की जाए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने आदेश पर अमल करने को कहा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि जिन धाराओं में सांसद बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें 7 साल से कम की सजा होती है। इस मामले में पुलिस, सांसद बर्क को नोटिस जारी करेगी। पुलिस नोटिस जारी करके जियाउररहमान बर्क को पूछताछ के लिए बुला सकती है। सांसद जियाउररहमान बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा। सपा सांसद बर्क ने प्रयागराज हाईकोर्ट में एफआईआर को चुनौती दी थी और इसे रद्द करने की गुहार लगाई थी। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क और स्थानीय विधायक के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सांसद के पिता ममलूकुररहमान बर्क पर भी बिजली विभाग द्वारा घर के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। सांसद के खिलाफ बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 135 बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग के तहत केस दर्ज किया गया है। सांसद बर्क पर बिजली चोरी के आरोप में 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया और बिजली चोरी के आरोप में उनके आवास की बिजली सप्लाई भी काट दी गई। ममलूकुररहमान बर्क पर आरोप था कि उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। सरकारी काम में बाधा डाली और कहा कि सरकार बदल जाएगी और हम तुम्हें बर्बाद कर देंगे। एफआईआर के मुताबिक, ममलूकुर रहमान बर्क ने अपशब्दों का प्रयोग किया और इसका वीडियो बिजली विभाग ने बनाया है। सांसद बर्क पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद अखिलेश यादव ने कहा था, यह घटना दुखद है। हमारे सांसद संभल में मौजूद नहीं थे, फिर भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। वे उस वक्त बेंगलुरु में थे। यह पूरा का पूरा ड्रामा करवाया गया है और सरकार ने करवाया है। पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए बर्क पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने बर्क पर लगे बिजलीचोरी के आरोप पर कुछ नहीं कहा। प्रधानमन्त्री ने कल दिल्ली में केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। जवाब में केजरीवाल ने भी निशाना साधा। केजरीवाल ने प्रधानमन्त्री के भाषण पर कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं भाजपा में आई हुई है। भाजपा के पास न तो सीएम फेस है और न ही एजेंडा। केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली में इतने काम किए हैं कि पीएम उनको गिना नहीं सकते हैं। अपने 43 मिनट के भाषण में पीएम कोई काम नहीं गिना पाए। केजरीवाल ने यह पलटवार पीएम मोदी की रैली के डेढ़ घंटे बाद किया। मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव का आगाज अशोक विहार से किया। उन्होंने आप को दिल्ली के लिए 'आपदा की सरकार' बताया। केजरीवाल ने इस पर कहा कि दिल्ली के अंदर कानून-व्यवस्था की आपदा है। गैंगस्टर गोलियां चला रहे हैं, व्यापारी रो रहे हैं और सुरक्षा मांग रहे हैं। मोदी और शाह के कानों में आवाज नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि मैं मोदी जी से कहना चाहूंगा कि शाह जी से कहें सरकारें जोड़ने-तोड़ने से थोड़ा सा समय मिले, तो दिल्ली की सुरक्षा पर ध्यान दें, जो काम हम कर रहे हैं, उसे आपदा नहीं, आशीर्वाद कहते हैं। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने कल दिल्ली वालों को 4,500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने हाउसिंग फॉर ऑल के संकल्प के तहत दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को फ्लैट की चाबियां सौंपी। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। देश भली-भांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। मैं भी कोई शीशमहल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले यही एक सपना था। पीएम मोदी ने दिल्ली में चुनावी रैली के दौरान 9 बातों का जिक्र करते हुए आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया। शराब ठेके में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला। पीएम ने कहा था कि दिल्ली में 500 जन औषधि केंद्र बनाए गए हैं। 80 फीसदी दवाओं पर डिस्काउंट मिलता है। 100 रुपए की दवा 15 रुपए में मिलती है। मैं आपको मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना का लाभ देना चाहता हूं, लेकिन आपदा सरकार को दिल्ली वालों से दुश्मनी है। आपदा वाले योजना लागू नहीं होने दे रहे हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और आम आदमी पार्टी का पोस्टर कैंपेन शुरू हो गया है। भाजपा ने 2 जनवरी को पोस्टर जारी किया, जिसमें केजरीवाल के फोटो के साथ उन्हें महाठग ओरिजिनल वोटर लिस्ट में स्कैम 2024 फर्जी वोटर से इश्क है बताया गया है। विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग जनवरी के दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। प्रधानमन्त्री ने कहा कि ये लोग खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं और ऊपर से उसका महिमामंडन करते हैं, एक तो चोरी उस पर से सीनाजोरी। इसलिए दिल्ली वालों ने आपदा के खिलाफ जंग छेड़ दी है, दिल्ली का वोटर दिल्ली को आपदा से मुक्त करने की ठान चुका है। दिल्ली का हर नागरिक कह रहा है, दिल्ली का हर बच्चा कह रहा है, दिल्ली की हर गली से आवाज आ रही है, आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।

चार मोती

सुनील उत्सव

'अक़्ल' 'शराफत' 'गलत' 'सियासत'

वो जब भी बोलते हैं तो गलत बातें ही करते हैं,
न कोई अक़्ल है उनमें, न कोई भी शराफत है।
नकारा उनको जनता ने, है फिर भी चाह सत्ता की,
गलत हैं सब बयां उनके, गलत उनकी सियासत है।

बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो घायल

सिखेड़ा, 03 जनवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव सिखेड़ा के बाईपास की लिंक रोड पर दो बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें दो घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सीएससी जानसठ पहुंचाया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार की सुबह कुलदीप पुत्र बुध सिंह निवासी गांव निराना अपनी बाइक द्वारा किसी काम से जानसठ जा रहा था, जब वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के सिखेड़ा बाइपास की लिंक रोड पर पहुंचा, तो विपरीत दिशा से बाइक द्वारा आ रहे विष्णुदत्त पुत्र अमित कुमार निवासी बहादरपुर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है।

शिक्षा मित्रों की मूल विद्यालय वापसी, महिलाओं को ससुराल जाने का मौका

लखनऊ, 03 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षामित्रों को नए साल का तोहफा देते हुए शासन ने मूल विद्यालय (पहले तैनाती स्थल) वापसी का शासनादेश जारी कर दिया है। इसमें भी महिला शिक्षामित्रों को दोहरा लाभ मिलेगा। वह अपनी ससुराल के जिले में भी तैनाती पा सकेंगी। इतना ही नहीं सभी शिक्षामित्रों को अपने वर्तमान कार्यरत विद्यालय में तैनात रहने का भी विकल्प दिया जाएगा। प्रदेश के 1.42 लाख शिक्षा मित्र लंबे समय से मूल विद्यालय वापसी व मानदेय वृद्धि की मांग और इसके लिए आंदोलन कर रहे हैं। पिछले दिनों इन्हें आंदोलन के बाद शासन ने इस पर सकारात्मक कार्यवाही शुरू की। वहीं अमर उजाला ने दो जनवरी के अंक में "शिक्षामित्रों के तबादले व मानदेय बढ़ाने का लंबा हो रहा इंतजार" शीर्षक से खबर भी प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान लेते हुए शासन ने शुक्रवार को शिक्षामित्रों के स्थानांतरण/समायोजन का आदेश जारी कर दिया। बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम के अनुसार पुरुष शिक्षामित्र व अविवाहित शिक्षामित्रों को अपने वर्तमान विद्यालय में रहने, मूल विद्यालय में जाने, मूल विद्यालय में पद खाली न होने पर उस ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, वार्ड में चल रहे विद्यालय में खाली शिक्षामित्र पद पर विकल्प लेकर तैनाती दी जाएगी। उन्होंने बताया कि महिला शिक्षामित्रों को वर्तमान में कार्यरत विद्यालय में तैनात रहने, मूल विद्यालय जाने, उसी या दूसरे जिले में पति के घर (पति के निवास प्रमाण पत्र के आधार पर) की ग्राम सभा, पंचायत, वार्ड में परिषदीय विद्यालय में खाली शिक्षामित्र के पद पर तैनाती का विकल्प दिया जाएगा। जो शिक्षामित्र अपने वर्तमान में कार्यरत विद्यालय में ही काम करने का विकल्प देते हैं। ऐसे आवेदन पत्रों पर किसी कार्यवाही की जरूरत नहीं होगी। वहीं अन्य तबादला व समायोजन के आवेदन पत्रों के आधार पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति निर्धारित मानकों व खाली पदों के सापेक्ष एनआईसी द्वारा विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से कार्यवाही करेगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे और उसके अनुसार ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान में 1.42 लाख शिक्षामित्र तैनात हैं। जुलाई 2018 में इनको शासन की ओर से मूल विद्यालय वापसी का अवसर दिया गया था। उस समय भी काफी संख्या में शिक्षामित्रों ने इसका लाभ लिया था। हालांकि 20 से 25 हजार शिक्षामित्र छूट गए थे। जबकि उस समय से अब तक काफी महिला शिक्षामित्रों की शादी हो चुकी है। ऐसे में इस बार लगभग 30 से 40 हजार शिक्षामित्रों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में इन्हें 10 हजार रुपये मानदेय मिलता है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में सितंबर 2001 से 2010 के बीच में लगभग 1.72 लाख शिक्षामित्रों की तैनाती की गई थी। इसमें अधिकतर शिक्षामित्रों की पहले तैनाती उनके जिले में ही की गई थी। ऐसे में मूल विद्यालय वापसी का विकल्प मिलने का मतलब शिक्षामित्र अपने जिले में ही अब नौकरी कर सकेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि काफी कम शिक्षामित्रों के कारण शिक्षामित्रों को दूर के विद्यालयों में नौकरी करने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में शासन का यह निर्णय उनके लिए काफी हितकारी होगा। सरकार से मांग है कि जल्द ही मानदेय वृद्धि का भी आदेश जारी करे

पीआरडी जवानों ने डीएम कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। पात्रों की ड्यूटी मामले में भारी अनियमितता के आरोप लगाते हुए दर्जनों पीआरडी के जवानों ने जिला युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस बीच युवा कल्याण विभाग की वर्तमान व्यवस्था से नाराज सभी पीआरडी के जवानों ने विभागीय अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए। शुक्रवार में मुजफ्फरनगर जिले के दर्जनों पीआरडी जवानों ने डीएम कार्यालय पर पहुंच ड्यूटी कटने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। उक्त पीआरडी के जवानों ने डीएम ऑफिस पर पहुंच विभिन्न बिन्दुओं पर एक शिकायत पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई। ज्ञापन के माध्यम से पीआरडी के जवानों ने बताया कि पैसे लेकर विभाग में ड्यूटी लगाई जा रही है, जो पैसे नहीं दे रहा है उसकी ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार भी उनकी ड्यूटी काट दी गई है, जबकि नगर कोतवाली द्वारा जिला युवा कल्याण विभाग में पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें कहा गया है, कि महाकुम्भ में होमगार्डों की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में यहां पर 10 पीआरडी के जवानों की आवश्यकता है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों के द्वारा ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है। उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन पोर्टल पर पीआरडी जवानों की ड्यूटी लग रही है, इसमें किसी भी पीआरडी जवान से कोई पैसे नहीं लिए जा रहे है। कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन के दौरान सरिता, तारावती, पूनम, रूबी, सुनीता, सीमा, तहसीना, प्रद्युम्न आदि पीआरडी जवान शामिल रहे।

मंदिर व धर्मशाला से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खानूपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुंच श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं धर्मशाला की खाली पड़ी भूमि पर भू माफियाओं के कब्जे का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। डीएम कार्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर गांव में शांति भंग होने की आशंका व्यक्त करते हुए उक्त लोगों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाने की मांग की।

शुक्रवार को मंसूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खानूपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने सुरेन्द्र भारद्वाज और सतीश कुमार के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं धर्मशाला की खाली पड़ी भूमि पर भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जे किए जाने के आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में मंदिर व धर्मशाला की उक्त एक बीघा पक्का व चार बिस्वात भूमि जिसकी खरीद 6 अगस्त 1960 को हुई थी, जिसमें मंसूरपुर शुगर मिल के कर्मचारियों के एक दिन का वेतन जमा कराया गया था। उनका कहना है कि उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिसमें स्थानीय पुलिस भी शामिल है। ग्रामीणों ने उक्त मामले में दोषियों पर कार्रवाई किए जाने के साथ मंदिर की भूमि पर हो रहे निर्माण को रोके जाने की मांग की। इस दौरान धर्मेन्द्र पंवार, संजीव कुमार, दयानन्द शर्मा, विपिन, कुमार, राजीव कुमार, आरडी सिंह, पंकज, अमित आदि मौजूद रहे।

एसीपी कार्यालय में तैनात दो हेड कांस्टेबल रिश्वत लेने के मामले में निलंबित

गाजियाबाद, 03 जनवरी (एजेंसी)। लोनी कॉलोनी स्थित एसीपी अंकुर विहार कार्यालय में तैनात दो हेड कांस्टेबल विपिन कुमार और दिनेश कुमार का पैसे लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने पर बॉर्डर थाने में दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने विपिन को गिरफ्तार भी कर लिया है।सोशल मीडिया पर चार वीडियो वायरल हुए। वीडियो में एसीपी अंकुर विहार कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल विपिन कुमार और दिनेश कुमार कुछ व्यक्तियों से कागजात पर साइन करा रहे हैं। साइन के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा व्यक्तियों से पैसे लिए गए। वीडियो में ऑडियो गायब है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के अधिकारियों ने मामले में संज्ञान लिया। इसके बाद एसआई सोनू कुमार ने लोनी बॉर्डर थाने में शिकायत दी। शिकायत में सोनू कुमार एसआई ने बताया कि गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मिली। वीडियो की जांच की गई तो वीडियो एसीपी कोर्ट अंकुर विहार का है।

एसडीएम के निर्देश पर टीम ने कोल्हू पर लगाई सील

जानसठ, 03 जनवरी (बु.)। डीएम उमेश मिश्रा के आदेशानुसार सुबोध कुमार टीम को लेकर कोल्हूओं का निरीक्षण करने पहुंचे। टीम ने तहसील जानसठ क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग व गांव जौली में स्थित कोल्हू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने एक कोल्हू को सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र से निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि कोल्हू स्वामियों द्वारा प्रतिबन्धित ईंधन जिसमें प्लास्टिक व रबर का प्रयोग किया जा रहा है। शुक्रवार को शिकायतें मिलने पर एसडीएम ने तहसीलदार सतीश चन्द बघेल व प्रदूषण अधिकारी की संयुक्त टीम को गांव नंगला बुजुर्ग व गांव जौली के कोल्हू का निरीक्षण करने भेजा। निरीक्षण के समय गांव जौली नहर के पास, वीर अब्दुल हमीद स्कूल के निकट स्थित कोल्हू में दो भट्टियां संचालित थी, कोल्हू में प्रतिबन्धित ईंधन प्लास्टिक व रबर आदि मौके पर पाया गया तथा प्रतिबन्धित ईंधन का प्रयोग करते हुए पाए गए, जिस कारण कोल्हू स्वामी मुंतजिर पुत्र मुमताज निवासी गांव रूड़कली के कोल्हू को मौके पर ही सुंयक्त टीम द्वारा सील कर दिया गया है। एसडीएम सुबोध कुमार ने बताया की कोल्हू संचालकों से पूर्व में अनुरोध किया गया था, प्रतिबन्धित ईंधन का प्रयोग न किया जाए तथा कोल्हू की चैकिंग निरन्तर की जाएगी और प्रबिन्धित ईंधन का प्रयोग करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आवश्यकता है
एक पारिवारिक ड्राइवर की, जो ड्राइविंग के साथ-साथ घर के छोटे-मोटे काम भी कर सके।
सम्पर्क करें:-
M.: 9760387028

टंकी की चार दीवारी के निर्माण में घटिया सामग्री की शिकायत

–मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

भोपा, 03 जनवरी (बु.)। भोपा के गांव निरगाजनी में पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई टंकी की बाउंड्रीवाल में घटिया सामग्री के प्रयोग व दीवार को मानक के अनुरूप ना बनाने का आरोप ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की माँग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी के प्रधान रजनीश शर्मा ने डीएम को शिकायत कर बताया कि जल निगम द्वारा गांव में कराये जा रहे टंकी के निर्माण के दौरान चाहरदीवारी में मानकों के अनुरूप पीसीसी कार्य नहीं हो रहा है व घटिया क्वालिटी की ईंट लगाने के अलावा सीमेंट भी कम मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है। वहीं टंकी का निर्माण कर रहे ठेकेदार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान अरविन्द, संजू, धीरज, महेश, जीतेन्द्र, रामकुमार, जुगमेंद्र, निशांक शर्मा, संजय कुमार, विनेश कुमार आदि मौजूद रहे। जल निगम के अवर अभियंता हेमराज ने बताया कि कार्य की जांच कराई जायेगी। जांच के उपरान्त कार्य मानकों के अनुरूप न होने पर कार्रवाई की जायेगी

Rabindranath World School, Muzaffarnagar
On Bhudhana Road, just 3 km, from city- Adjoining Indana Ghee Factory Muzaffar Nagar
Email- rabindranathworldschoolmzn@gmail.com
https://www.rwsgurgaon.com
Job Opportunity: Special Educator
We are hiring a Special Educator with:
• Graduation with B.Ed (Special Education)
• B.Ed with a two-year diploma in Special Education
• Postgraduate Professional Diploma in Special Education.
Walk-In Interviews: 10th January 2025, 11:00 AM
Contact: 8569835719, 6397925423, 9927932434
Email: rabindranathworldschoolmzn@gmail.com
Join our dedicated team to make a difference!

शाहपुर में स्व. हरीराम आर्य की 50वीं पुण्यतिथि पर भव्य एवं विशाल कार्यक्रम आयोजित

- आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश भी पहुंचे

शाहपुर, 03 जनवरी (बु.)। आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने कहा कि युवा भारतीय संस्कृति से जुड़कर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य करें। पूर्व मंत्री व विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि सभी महर्षि दयानंद सरस्वती के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। कस्बे में प्रसिद्ध आर्य समाजी स्व. चौ. हरिराम आर्य की 50वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने कहा कि वर्तमान समय में युवा विचलित होकर अपनी गरिमामय संस्कृति को भूल रहे है। युवाओं को स्वामी दयानंद की विचारधारा से जोड़कर युवाओं को संस्कारित करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि युवा अपनी गरिमामय भारतीय संस्कृति को अपनाकर देश को विश्व गुरु बनाने का कार्य करें। पूर्व मंत्री व विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि स्वामी दयानंद की विचारधारा से जुड़कर समाज को संस्कारित करने के साथ स्वामी दयानंद के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इससे पूर्व विशाल यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान देवराज आर्य सपत्नीक रहे, जबकि यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य गुरु वचन शास्त्री व आचार्य गुरुदत्त आर्य रहे। कार्यक्रम में देशवाल खाप के चौ. शरणवीर सिंह व सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सत्यवीर आर्य, रणवीर सिंह आर्य व महावीर सिंह आर्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुघोष आर्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, राजेश सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी, मनमोहन दास बंसल, अरविंद पाल, हाजी शाहिद त्यागी, डॉ. गौरव सैनी, डॉ. प्रदीप चौहान, सभासद सोनू सैनी व मनोज सैनी आदि सहित कस्बे व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

दिल्ली-एनसीआर में फिर लागू हुआ ग्रैप-3, कई कार्यों पर रहेगी पाबंदी

नई दिल्ली, 03 जनवरी (एजेंसी)। वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के बीच दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता पर शुक्रवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत स्टेज 3 के प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया गया है। बता दें कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है और 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम 4 बजे 371 रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमान के अनुसार, प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण वायु गुणवत्ता की स्थिति और भी खराब होने की आशंका है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने अधिकारियों को स्थिति को और अधिक बिगड़ने से रोकने के लिए चरण 3 के तहत निर्धारित प्रतिबंधों को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया। ग्रैप 3, जिसे पिछले शुक्रवार को हटा लिया गया था। अब फिर लागू होने के बाद गैर-आवश्यक निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।चरण 3 के तहत, दिल्ली और आस-पास के एनसीआर जिलों में पेट्रोल और डीजल कारों (चार पहिया वाहनों) का उपयोग प्रतिबंधित है। विकलांग व्यक्तियों को छूट दी गई है। इसके अलावा या उससे पुराने मानकों वाले गैर-आवश्यक डीजल चालित मध्यम माल वाहनों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

भाविप संकल्प ने किया नागरिक अभिनन्दन का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बुस.)। भारत विकास परिषद संकल्प के वरिष्ठतम सदस्य अशोक तायल, लोकेश चन्द्र, राकेश मित्तल, शिशुकांत गर्ग व राम निवास सिंघल का नागरिक अभिनन्दन आयोजन किया गया एवं इन्हे समाजश्रेष्ठी के अलंकरण से विभूषित किया गया। राम निवास सिंघल एवं कमलेश सिंघल ने गौसेवा संकल्प ट्रस्ट को एक लाख रुपए की महती सेवा प्रदान की। अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने उनका स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर नृत्य, संगीत का अभूतपूर्व प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश पालीवाल ने किया। श्रीमति व श्री सुभाष गुप्ता, श्रीमति व श्री विनोद गुप्ता एड., डॉ. हरिओम शर्मा व महिला संयोजिका वारिका शर्मा, डॉ. अजय गर्ग, विष्णु स्वरूप, विशाल कालरा, श्रीमति व श्री अश्वनी वर्मा, देवेन्द्र मलिक, श्रीमति व श्री मनोज माहेश्वरी, श्रीमति व श्री नीरज अग्रवाल, श्रीमति व श्री राजेश गर्ग, श्रीमति व श्री राजीव गुप्ता, श्रीमति व श्री संदीप दास एड., श्रीमति व श्री सुरेंद्र अरोरा, श्रीमति व श्री विजय गोयल एड., ईशा गुप्ता, श्रीमति व श्री गोपाल गर्ग, श्रीमति व श्री अरूण राजवंशी, श्रीमति व श्री अभिषेक जैन, प्रवीण जैन, अवनीश गोयल सचिव व प्रीति गोयल आदि सदस्य व अतिथिगण ने कार्यक्रम का भावनात्मक स्तर पर आनन्द लिया। सभी को भारत विकास परिषद केन्द्रीय कार्यालय द्वारा प्रेषित वर्ष 2025 का कैलेंडर प्रदान किया गया।

कारखाना संचालकों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

भोपा, 03 जनवरी (बु.)। गांव बेहड़ा थू निवासी ग्रामीण ने कपड़े बनाने के कारखाने के संचालकों पर एक लाख रुपए की धोखाधड़ी करते हुए कारखाना बंद कर फरार हो जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थू निवासी गुलफाम ने बताया कि मुजफ्फरनगर निवासी दो व्यक्तियों ने ट्रैक सूट, जैकिट आदि बनाने का कारखाना खोल रखा था। पीड़ित ने बताया कि उसने कारखाना संचालकों को कपड़ा खरीदने के नाम पर एक लाख रुपए ऑन लाइन दिए थे, जिसके बाद आरोपियों ने उसे लगभग एक सप्ताह बाद कपड़ा देने का वादा किया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी बीते एक माह से उसका फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं और कपड़ा देने की बजाय अपना कारखाना बंद कर फरार हो गए हैं। पीड़ित जब अपने पैसे मांगने के लिए आरोपियों के घर जाता है, तो आरोपी घर पर नहीं मिलते और घर की महिलाएं उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देती हैं। पीड़ित के अनुसार अब आरोपियों ने छपार थाना क्षेत्र में अपना कारखाना खोल लिया है। पीड़ित ने दोनों कारखाना संचालकों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

परीक्षण में 180 किमी. प्रति घंटे की गति से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

नई दिल्ली, 03 जनवरी (एजेंसी)। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। जानकारी के मुताबिक, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का यह परीक्षण जनवरी के अंत तक जारी रहेगा। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्थान के कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का जिक्र किया है। इस वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास रखा हुआ है। जो कि ट्रेन के 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ने के दौरान पूरी तरह से स्थिर देखा जा सकता है। शुरूआत में चलती ट्रेन की गति 180 किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे फिर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति हासिल करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। रेलवे की तरफ से यह पोस्ट 3 दिनों के सफल परीक्षणों के बाद आया है, जो 2 जनवरी को खत्म हुआ है, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी भरी हुई स्थिति में अधिकतम गति हासिल की। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को राजस्थान के बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की। वहीं इसने 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की थी। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की थी। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। एक बार ट्रेन के परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, रेलवे सुरक्षा आयुक्त की तरफ से अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। जबकि अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही, वंदे भारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा और उन्हें भारतीय रेलवे को शामिल करने और नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा।

बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं जिला कारागार का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं जिला कारागार में शुक्रवार में अस्पताल, पाकशाला, पुरुष बैरक के साथ किशोर बैरक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बंदियों के हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रितिश सचदेवा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वहां उपस्थित बंदियों को संवैधानिक व विधिक अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बंदी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। रितिश सचदेवा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस दौरान कैदियों से उनकी समस्याएं सुनने के साथ कोई भी कानूनी समस्या होने पर अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराने या आवेदन पत्र देने का आह्वान किया गया जिस पर कार्यवाही किये जाने की बात कही। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया कि जिन बन्दियों के मामले ई-जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित हो सकते हैं, उनकी सूची सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें ताकि उनके इन मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सकें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिन बंदियों की जमानत याचिका पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा हो चुकी हो उन्हें विधिक सहायता प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिन आगामी 8 मार्च द्वितीय शनिवार, को दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर, बाह्य न्यायालय बुढ़ाना, ग्राम न्यायालय जानसठ, ग्राम न्यायालय खतौली तथा कलक्ट्रेट मुजफ्फरनगर में किया जायेगा, जिसमें आपराधिक, 138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद, तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा।

किशोरी के साथ दुष्कर्म

मीरापुर, 3 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है कि गुरुवार को उसके गांव का एक युवक आकाश पुत्र रणवीर उसकी 15 वर्ष की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया था तथा उसे डराकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

बठिंडा में तेल टैंकर से टकराई सवारियों से भरी निजी बस, 25 लोग घायल

चंडीगढ़, 03 जनवरी (एजेंसी)। पंजाब के बठिंडा में आज, शुक्रवार को एक तेल टैंकर की सवारियों से भरी निजी बस से टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार 25 के करीब यात्री घायल हो गए। घायलों को बठिंडा एम्स और सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि यह तेल टैंकर हाईवे पर गलत दिशा से आ रहा था। हाईवे की एक लेन बंद थी इसलिए सभी आने जाने वाहन एक ही लेन में चल रहे थे। हादसे से ठीक पहले यू-टर्न लेते हुए घनी धुंध के चलते टैंकर बस नहीं देख पाया और दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर जाम लग गया। पुलिस ने आकर यातायात को सुचारू करवाया और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निजी कंपनी रामा मंडी बठिंडा आ रही थी। सुबह जब बस बठिंडा-डबवाली रोड स्थित गुरुसर शेनेवाला के पास पहुंची तो हादसे का शिकार हो गई। घायलों के मुताबिक हाईवे पर काम चल रह था और एक तरफ से सड़क बंद रखी गई थी। हाईवे पर धुंध थी इसलिए दूर का कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसी दौरान हाईवे पर सामने से एक तेल टैंकर दिखाई दिया जो यू-टर्न ले रहा था। बस का ड्राइवर इसे नियंत्रित नहीं कर सका और बस व तेल टैंकर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बस में बैठे करीबन 25 लोग घायल हो गए।

महिला से दुष्कर्म, पंचायत में लगी अस्मत की बोली

मेरठ, 03 जनवरी (एजेंसी)। मेरठ के थाना लिसाड़ी क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी ने महिला को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बनाकर धमकी देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। मामले में पंचायत हुई तो लोगों ने मामले को दबा दिया। अब आरोपी ने महिला की 11 वर्ष की बेटी के साथ भी दुष्कर्म का प्रयास किया। पुलिस में महिला के पति की ओर से दुष्कर्म और पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित मां-बेटी के कोर्ट में बयान कराए हैं। रिपोर्ट के अनुसार महिला का आरोप लगाया कि जुलाई 2024 में पड़ोसी ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद में वीडियो से ब्लैकमेल कर उसका यौन शोषण करता रहा। महिला ने पति को इस बारे में बताया तो नवंबर में गांव में इसको लेकर पंचायत बुलाई गई। पंचायत में लोगों ने युवक को बुलाकर उसके मोबाइल से अश्लील वीडियो डिलिट करा दी और पीड़ित पक्ष पर दवाब बनाकर समझौता भी करा दिया। आरोप है कि 10 दिसंबर को आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर उसकी 11 साल की बेटी के साथ में दुष्कर्म का प्रयास किया। इस बार भी पंचायत बैठी और मामले को दबाने का प्रयास किया मगर पीड़िता के पति ने समझौता करने से इनकार कर दिया। उसने एसएसपी डॉ। विपिन ताडा से मिलकर शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर लिसाड़ी गेट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है। महिला और बालिका के आज न्यायालय में बयान कराए जा रहे हैं।

जमीन की खातिर दिल्ली पुलिस का सिपाही बना पिता का दुश्मन

शामली, 03 जनवरी (एजेंसी)। कांजरहेड़ी गांव के रहने वाले दिल्ली पुलिस के जवान ने कलक्ट्रेट में पिता को ही टुकड़ों में काटने की धमकी दे दी। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीड़ित पिता ने एसडीएम सदर से मामले की शिकायत की है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कांजरेहड़ी निवासी किसान जीत सिंह अपनी जमीन संबंधी मामले की शिकायत करने एसडीएम सदर हामिद हुसैन के पास पहुंचे। आरोप लगाया कि बेटा जमीन पर कब्जा करना चाहता है। विरोध करने पर उसे मारने की धमकी दी जा रही है। कलक्ट्रेट पर आने के दौरान भी उसे दिल्ली पुलिस में तैनात बेटे ने टुकड़ों में काटने की धमकी दी। कहा कि अधिकारी तेरे साथ 24 घंटे नहीं रहेंगे। किसान ने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसडीएम हामिद हुसैन का कहना है कि किसान को कलक्ट्रेट में धमकी देने का मामला संज्ञान में आया है। जमीन को लेकर किसान ने शिकायत की है। जांच कराई जा रही है। आरोपी दिल्ली पुलिस में तैनात बताया गया है।

अब एमडीए बनेगा पालिका का नगर विकास में मददगार

▶ विभागों में तालमेल बनाने की पहल शुरू, चौराहों व पार्कों का होगा विभाजन ▶ प्रशासन, एमडीए व पालिका के बीच स्थापित होगा समन्वय

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। विभागों के बीच आपसी समन्वय न होने के कारण विकास की बिगड़ती तस्वीर को सुधारने की कवायद डीएम की पहल पर शुरू हो गई है। लगातार बिगड़ने और सरकारी मद में धनराशि के अनावश्यक रूप से खर्च होने के कई मामले यदा कदा सामने आते रहे हैं। एक विभाग सड़क बनाता है तो दूसरा विभाग उसके चंद रोज बाद नया कार्य करने के लिए उसी सड़क को खोदकर गड्ढों में तब्दील कर देता है। ऐसे में डीएम ने विकास के मुद्दे पर विभागीय समन्वय बनाकर कम से कम शहर को सुन्दर रूप प्रदान करने के लिए नई पहल की है। इसके लिए उन्होंने एमडीए, पालिका को प्रशासनिक निगरानी में एक साथ लाने की कवायद की है।

शुक्रवार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में एमडीए सभागार में विकास कार्यों पर विभागीय समन्वय बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ प्रज्ञा सिंह, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पालिका व एमडीए में आपसी समन्वय के लिए नगर विकास के लिए एक रोड मैप तैयार करने पर खुलकर चर्चा की। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने जोर देते हुए कहा कि शहर के विकास के लिए एमडीए-पालिका आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के साथ मनमर्जी से काम करने की परिपाटी को अब बदलना होगा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक ही काम पर दोनों विभाग लगे रहते हैं और पैसा बर्बाद होता है। धनराशि का सदुपयोग करने के लिए जरूरी है कि दोनों स्तर से अलग अलग विकास कार्य चिन्हित करते हुए आपसी सहमति से मिल कर काम किया जाये। उन्होंने कहा कि एमडीए नगर पालिका के साथ मिलकर शहर के चौराहों, पार्कों और सड़कों के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य भी अपने एजेंडे में शामिल करें और पालिका भी जो कार्य करने जा रहा है, उसकी पूर्ण जानकारी एमडीए को देते हुए उसकी एनओसी लेने के बाद ही कार्य शुरू करायें। बैठक में पालिका एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि पालिका बोर्ड से स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों के प्रस्ताव एमडीए को भेजे जाते रहे हैं। एटूजेड रोड पर पालिका द्वारा सीवर लाइन डालने का कार्य प्रस्तावित है। यहां एमडीए सड़क निर्माण कराने जा रहा है, तब तक यह सड़क न बनाई जाये, जब तक पालिका सीवर लाइन न बिछा ले। इसके साथ पालिका बोर्ड फंड या अन्य मद में जो भी कार्य प्रस्तावित हैं, उनकी सूची एमडीए को भेजी है। बैठक में एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर, एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, एई निर्माण अखंड प्रताप सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इन्होंने कहा-

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देशन में यह तय किया गया कि शहरी विकास में अब पालिका के साथ एमडीए भी अपना योगदान करेगा, इसके लिए कुछ पार्कों, चौराहों और सड़कों को एमडीए को देगा, जिसमें सूची जल्द तैयार कर ली जायेगी। इसके साथ जो भी नए काम होंगे वो आपसी समन्वय बनाकर किये जायेंगे।

एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि पालिका और एमडीए के बीच विकास कार्यों को लेकर आपसी सहमति बनाने के लिए ही डीएम उमेश मिश्रा ने मीटिंग ली। इसमें शहरी विकास में एमडीए को काम दिया जायेगा। इसके साथ ही शहर के विकास के लिए उद्योगपतियों से सहयोग लेने पर सहमति बनी है, जिसकी रूपरेखा जल्द तैयार की जायेगी। इसमें डीएम ने अतिक्रमण हटवाने से पहले ठेले और ठिये वालों के लिए वैकल्पिक स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए है कि इसके बाद इनको शहर के व्यस्त क्षेत्रों से हटवाने का अभियान चलाया जाये।

बुढ़ाना पुलिस ने गौकशी करती महिलाएं भी रंगे हाथों पकड़ी

बुढ़ाना, 3 जनवरी (बु.)। कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती के संभ्रांत लोगों को उस समय शर्मसार होना पड़ा, जब 2 महिलाएं व 2 पुरुष किराए के मकान में एक बछड़े को काटते हुए रंगे हाथों पकड़े गये। पुलिस टीम ने मौके से गौकशी के उपकरण और गौमांस भी बरामद किया है। बताया गया है कि एक मुखबिर द्वारा बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह को सूचना दी गयी कि बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती निवासी सलीम के मकान में जो किरायेदार रहते हैं वे गौकशी करते हैं और आज भी गौकशी के लिए एक बछड़े को पकड़कर लाया गया है और उसे काटने का काम कर रहे हैं। तब उन्होंने बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा तो सूचना सही मिली।?दबिश के दौरान टीम को एक बछड़ा मृत अवस्था में मिला। मौके पर 2 पुरुष व 2 महिलायें मृत बछड़े के अवशेषों को पॉलीथिन में पैक कर रहे थे। बुढ़ाना पुलिस ने 3 आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया, जबकि एक युवक फरार हो गया। पकड़े गये आरोपियों ने अपने नाम साजिद पुत्र युसुफ निवासी ग्राम फौलादनगर फ्रान्सगढ़ दोघट बागपत, रुखसार पत्नि शाहरुख उर्फ भूरा और शाहीना पत्नि फिरोज निवासीगण ग्राम नंगला रतनपुरी बताए। बुढ़ाना पुलिस ने मौके से 16 किलोग्राम गौमांस, 1 कुल्हाड़ी, 2 छूरे, 2 रस्सियां, 1 लकड़ी का गुटका व खून से सनी पेंट बरामद की। टीम में कस्बा इंचार्ज ललित कसाना, महिला सब इंस्पेक्टर मनोरमा सिंह, कांस्टेबल हरीश पाल सिंह, गजेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल बबीता मौजूद रही।

घने कोहरे से बिगड़ा जनजीवन, 100 विमान, 150 से ज्यादा ट्रेन प्रभावित

नई दिल्ली, 03 जनवरी (एजेंसी)। ठंड की ठिठुरन के साथ घने कोहरे ने की दोहरा मार यात्रियों पर पड़ रही है। शुक्रवार को अभी तक का सबसे ज्यादा कोहरा देखने को मिला। इससे दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। इस वजह से विमान और रेल सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की चाल थम गई वही दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। इससे यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनों की बिगड़ी समय सारणी की वजह से शनिवार को भी ट्रेनों की चाल थमी रहेगी। इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से शुक्रवार को संचालित होने वाली 100 से ज्यादा विमान देरी का शिकार हुई। रनवे पर दृश्यता घटने की वजह से लो विजिबिलिटी प्रोसीजर लागू कर विमानों की आवाजाही कराई गई। इससे अन्य विमानों के संचालन में देरी हुई और यात्रियों को एयरपोर्ट के टर्मिनल पर विमानों के इंतजार में परेशान होना पड़ा। उधर रेलवे ट्रैक पर चलने वाली उत्तर भारत की 150 से अधिक ट्रेन देरी का शिकार हुई। इसमें दिल्ली पहुंचने वाली 41 से अधिक ट्रेन परिवर्तित समय से रवाना की गई। देरी से चलने वाली ट्रेन में मुख्य रूप से महाबोधी एक्सप्रेस दो घंटे से अधिक, नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ सात घंटे से अधिक, पूरबिया एक्सप्रेस 4 घंटे से अधिक, विक्रमशिला 3 घंटे से अधिक देरी से संचालित हुई। इसी तरह महाकौशल, गोमती, अमृतभारत, हावड़ा राजधानी, सियालदाह राजधानी, वंदे भारत, कैफियात, मगध, कानपुर शताब्दी, भी देरी से चली। उत्तर भारत में चलने वाली ट्रेन के साथ ही दक्षिण भारत की तरफ आवाजाही करने वाली लंबी दूरी की ट्रेन भी कोहरे की गिरफ्त में आ रही है। इनमें कर्नाटक एक्सप्रेस, केरल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेन शामिल है।

टैंडर निरस्त होने से नाराज सभासदों ने खोला मोर्चा

▶ ईओ डॉ. प्रज्ञा मिश्रा पर लगाए नियम विपरीत 50 टैंडर निरस्त करने के आरोप ▶ चेयरपर्सन ने एई निर्माण को बुलाकर लगाई कड़ी फटकार

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। पालिका के 55 वार्डों में विकास कार्यों को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच 202 विकास कार्यों के टैंडरों का मामला विवादों में है। बीते छह माह से लटके इन कार्यों में मात्र 48 कार्य स्वीकृत हो पाये हैं। ऐसे में अब वार्डों में विकास कार्य लटकने के कारण सभासदों ने मुखर होकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने ईओ पर जान बूझकर नियम विपरीत करीब 50 टैंडर निरस्त करने के आरोप लगाते हुए चेयरपर्सन के समक्ष नाराजगी व्यक्त की और जांच कराने की मांग की। चेयरपर्सन ने एई निर्माण को मौके पर बुलाकर जानकारी ली और उन्हें फटकार लगाते हुए पुनः परीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है।

शुक्रवार में करीब 30-35 सभासदों ने पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और अपनी शिकायत रखते हुए आरोप लगाया कि करीब 50 ऐसे कार्यों की निविदा निरस्त कर दी, जो कि नियमानुसार सही थी। इनमें मात्र निविदा शुल्क के डीडी ईओ पालिका के नाम होने के कारण इन्हें स्वीकार नहीं किया, जबकि ऐसा कोई नियम नहीं है। सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा व मौ. खालिद आदि ने अपनी शिकायत में कहा कि ये निर्णय ईओ ने शासनादेश के खिलाफ जाकर लिया है और इससे उनके वार्डों के कार्य लटक गये हैं। चेयरपर्सन ने सभासदों की शिकायत पर एई निर्माण अखंड प्रताप व लिपिक अशोक ढींगरा को तत्काल तलब किया। बताया गया कि चेयरपर्सन ने एई से जानकारी मांगी तो वो संतोषजनक जवाब न देकर ईओ द्वारा टैंडर निरस्त करने की बात कहते रहे। सभासदों ने कहा कि यदि टैंडर निरस्त किये गये हैं तो ठेकेदारों द्वारा निविदा शुल्क के रूप में दिए डीडी वापस क्यों नहीं किये जा रहे और यदि ये पैसा रखा गया है तो निविदा स्वीकृत मानी जायेगी। उन्होंने इसमें जांच कराने की मांग की। इस दौरान सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, मौ. खालिद, नवनीत गुप्ता, शौकत अंसारी, इरशाद हकीम, प्रशांत गौतम, बॉबी सिंह, ममता बालियान, शहजाद, नौशाद, नौशाद खां, अन्नू कुरैशी, रजत धीमान, रविकांत शर्मा, हनी पाल, सभासदपति विकल्प जैन, राजू आढती, नदीम खां मौजूद रहे।

इन्होंने कहा- चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सभासदों की शिकायत पर एई निर्माण को निरस्त टैंडरों का पुनः परीक्षण करते हुए रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से किसी वार्ड का विकास कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। वहीं एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह का कहना है कि पूर्व में जिन ठेकेदारों के टैंडर निरस्त किये गये हैं, उनमें से किसी ने भी कोई शिकायत निर्माण विभाग या अन्य स्तर पर नहीं की। आज चेयरपर्सन ने उन्हें बुलाकर जानकारी ली थी, इसमें नियमानुसार जानकारी उपलब्ध करा दी गई। कोई भी टैंडर नियमों के विपरीत निरस्त नहीं किया है। विभागीय लिपिक को आदेश देते हुए पत्रावलियां मंगाई गई हैं। इसके साथ करीब 160 कार्य के लिए रि-टैंडर कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

चीन में फैल रहा कोरोना जैसा जानलेवा वायरस, कई इलाकों में इमरजेंसी घोषित

नई दिल्ली, 03 जनवरी (एजेंसी)। चीन में ह्यूमन मोटान्यूमोवायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस वायरस से संक्रमित मरीजों में कोविड जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। चीन में 2 साल से छोटे बच्चे बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं, ह्यूमन मोटान्यूमोवायरस बेहद खतरनाक बताया जा रहा है। 5 साल पहले की बात है चीन में कोरोना वायरस नाम की एक बीमारी फैली थी, जिसने दुनियाभर में तबाही मचाई थी। अब एक बार फिर से चीन में एक वायरस फैल रहा है। चिंता की बात यह है कि इस वायरस के अधिकतर लक्षण कोरोना से मिलते हैं। हालांकि वायरस का नाम ह्यूमन मोटान्यूमो वायरस है, लेकिन इससे संक्रमित होने वाले लोगों में खांसी-जुकाम और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर से लोगों में चिंता बढ़ रही है। चीन सीडीसी का कहना है कि ह्यूमन मोटान्यूमो वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। दो साल से कम उम्र के बच्चों में इस वायरस के ज्यादा मामले आ रहे हैं। जिन लोगों को पहले से सांस की कोई बीमारी है उनको ज्यादा खतरा बताया जा रहा है। चूंकि ये वायरस संक्रामक है और एक से दूसरे व्यक्ति में तेजी से फैलता है ऐसे में चीन का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है और वायरस की रोकथाम के लिए बड़े पैमाने पर टेस्टिंग भी चल रही है।

चंदन गुप्ता हत्याकांड के 28 को उम्रकैद की सजा

लखनऊ 03 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने करीब सात साल पुराने हत्या के एक मामले में दोषी 28 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने शुक्रवार को यह सजा सुनायी। आज मामले की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये की गयी। गौरतलब है कि 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य चंदन गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी और हिसक भीड़ ने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया था। हत्या के बाद कासगंज में हिसा भड़क उठी थी। मामला शुरु में स्थानीय अदालत में चला मगर बाद में इसे एनआईए के सुपुर्द किया गया। जांच के बाद अदालत में 28 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया। गवाह और सबूतों के आधार पर अदालत ने गुरुवार को सभी 28 लोगों को इस जघन्य वारदात का दोषी पाया और आज इन सभी को उम्रकैद और तिरंगे का अपमान करने के लिये तीन तीन साल की सजा सुनायी गयी। इस मामले में एक दोषी सलीम गुरुवार को अदालत में पेश नहीं हुआ था जिसने आज अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

29 गिरोह के 98 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्यवाही

मुजफ्फरनगर, 3 जनवरी (बु.)। नये साल पर देहात क्षेत्र के थानों की पुलिस ने पिछले वर्ष चिह्नित किये गए 11 थानों की पुलिस के 29 गिरोह को पकड़ा है। इन गिरोह में शामिल 98 बदमाशों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है। बुढ़ाना पुलिस ने 9 गिरोह के 26, जानसठ थाना पुलिस ने 5 गिरोह के 17, मीरापुर थाना पुलिस के एक गिरोह के 4, रामराज पुलिस के एक गिरोह के 2, भोपा पुलिस ने 1 गिरोह के 5, ककरौली थाना पुलिस ने एक गिरोह के 3 बदमाशों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। इसी तरह रतनपुरी पुलिस ने 3 गिरोह के 13, शाहपुर थाने की पुलिस ने 2 गिरोह के 6, फुगाना थाने की पुलिस ने एक गिरोह के 4, भौराकला पुलिस ने एक गिरोह के 2 व तितावी थाना पुलिस ने 4 गिरोह के 16 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की है।

एसडीएम जानसठ के आदेश पर हुई कार्रवाई से मचा हड़कंप, जांच शुरू

भोपा के कोल्हू में पॉलीथिन जलाने वालों पर चला प्रशासन का चाबुक, दो सील हुए

भोपा, 3 जनवरी (बु.)। गन्ना कोल्हुओं में खुलेआम पॉलीथिन जलाकर पर्यावरण में प्रदूषण फैला रहे ठेकेदारों पर प्रशासन का चाबुक चल गया है। एसडीएम जानसठ के आदेश तहसीलदार ने गांव जौली रोड व नंगला बुजुर्ग पर छापेमारी की जहां पर दो कोल्हुओं पर पॉलीथिन जलाते मिले, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को सील कर दिया। तहसील प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। भोपा व ककरौली थाना क्षेत्र के करीब एक दर्जन गन्ना कोल्हुओं में संचालकों के द्वारा खुलेआम पॉलीथिन व टायर, प्लास्टिक जलाकर पर्यावरण में प्रदूषण फैलाकर मानवता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शुक्रवार को एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार के आदेश पर तहसीलदार जानसठ सतीश चंद बघेल ने गांव जौली रोड़ व नंगला बुजुर्ग में छापेमारी की जहां पर मुंतजिर व अहमद रुड़कली के दो कोल्हुओं पर पॉलिथीन जलाते मिले तथा कोल्हू में पॉलिथिन के ढेर भी लगे मिले, जिस पर तहसीलदार ने तत्काल कार्रवाई करने हुए विभाग की टीम से दोनों को सील करा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है और कई कोल्हू संचालक बंद कर भाग गए। एसडीएम जानसठ ने बताया कि टीम के द्वारा क्षेत्र में जांच की जा रही है, तत्काल कार्रवाई होगी।

फोटो कैप्शन - भोपा के गांव जौली रोड पर कोल्हू पर छापेमारी करते तहसीलदार

बागपत में क्रेन से टकराने के बाद जिंदा जला बाइक सवार, एक की हालत गंभीर

बागपत, 03 जनवरी (एजेंसी)। शहर कोतवाली क्षेत्र के एनएच-709 पर गुरुवार की रात को दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। क्रेन से टकराने के बाद बाइक में आग लग गई। इसके बाइक चला रहा युवक जिंदा जल गया। हादसे में पीछे बैठा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें युवक जिंदा जलते हुए नजर आ रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के एनएच-709 पर रात में बाइक सवार दो युवक कहीं जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक बेकाबू होकर क्रेन से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की स्पीड ज्यादा थी। क्रेन से टकराते ही उसमें आग लग गई। बाइक जला रहा युवक आग की चपेट में आ गया। वह जिंदा जलने लगा। हादसे में पीछे बैठा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद भीड़ जुट गई। जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। हालांकि तब तक जलकर युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बागपत इंस्पेक्टर दीक्षित त्यागी का कहना है कि मर चुके युवक की पहचान शाहनवाज के रूप में हुई है। वह थाना छपरौली क्षेत्र के चंदन हेडी गांव का रहने वाला था। स्थानीय युवक आयुष चौधरी ने बताया कि हाईवे पर क्रेन आ रही थी। क्रेन हाईवे से मुड़ी थी। इस दौरान दूसरी तरफ से तेज रफ्तार में बाइक आ रही थी। बाइक क्रेन से टकराई। इसके बाद धमाका हुआ। पीछे बैठा बाइक सवार नीचे गिर गया, जबकि एक युवक जिंदा जल गया।

पूर्व विधायक की गाड़ी में तोड़फोड़ में आरोपी की जमानत खारिज

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक की गाड़ी में तोड़फोड़ व काला तेल फेंकने वाले आरोपी की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। डीजीसी राजीव शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त, 2021 को थाना भौराकलां क्षेत्र के सिसौली में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक की कार पर हमला कर दिया गया था। हमले के आरोपियों ने तोड़फोड़ करते पथराव भी किया था, जिसमे उनके दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे, जबकि गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी की जमानत के लिए पोक्सो कोर्ट 2 अंजनी कुमार की कोर्ट में प्रार्थना-पत्र दिया गया था, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

संभल हिंसाः एसपी केके बिश्नोई पर गोली चलाने वाले आरोपी तिल्लन को दिल्ली से यूपी में खींच लाई पुलिस

संभल, 03 जनवरी (एजेंसी)। संभल एसपी केके विश्नोई पर गोली चलाने का आरोपी तिल्लन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दिल्ली के लक्ष्मी नगर और जहांगीरपुरी में होने की पुलिस को लोकेशन मिली थी। लगातार ट्रैकिंग के बाद पुलिस ने एसपी पर गोली चलाने वाले आरोपी को दबोच लिया। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में हिंदूपुरा खेड़ा में एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई पर गोली चलाई गई थी। बृहस्पतिवार को गोली चलाने के आरोपी नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय निवासी शाजेब उर्फ शहबाज उर्फ टिल्लन गिरफ्तार किया गया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपी को नखासा थाना क्षेत्र में ठंडी कोठी रोड से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस और खोखा भी बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने ही बवाल के दिन एसपी और पीआरओ पर गोली चलाई थी। जिसमें छर्रे लगने से एसपी और पीआरओ घायल हो गए थे। एसपी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिसकर्मियों की बाइकों में आग लगाई थी। इसके बाद हिंदूपुरा खेड़ा में पहुंचकर फायरिंग की थी। घटना के बाद दिल्ली जाकर रहने लगा था। एसपी ने बताया कि आरोपी से कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। उसके आधार पर कार्रवाई अन्य आरोपियों के खिलाफ भी की जाएगी। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से जेल भेज दिया गया है। एसपी संभल कृष्ण कुमार विश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि मेरे ऊपर और मेरे पीआरओ के ऊपर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार किया गया है। अब तक कुल 52 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। जो आरोपी वांछित चल रहे हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। मालूम हो 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान जामा मस्जिद के नजदीक हुए बवाल में पांच लोगों की जान गई थी। 29 पुलिसकर्मी व अन्य कई भीड़ में शामिल लोग घायल हुए थे। जामा मस्जिद के नजदीक बवाल शांत कराया तो हिंदूपुरा खेड़ा और नखासा तिराहे पर पुलिस पर हमला किया गया था।

1675 झुग्गी वालों को मिली अपने फ्लैटों की चाबी, पीएम नरेन्द्र मोदी ने दी 4500 करोड़ की सौगात

नई दिल्ली, 03 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजधानी दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को अपने पक्के मकान के सपने को साकार करते हुए फ्लैट की चाबियां सौंपी हैं। पीएम मोदी ने अशोक विहार में स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिए बने नए फ्लैटों का दौरा किया और इसके बाद उन्होंने लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर उनके सपने को साकार किया। इस योजना में पीएम मोदी ने दिल्ली वालों को 4500 करोड़ की सौगात दी है। शुक्रवार को पीएम मोदी ने दिल्ली में 4500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैटों का उद्घाटन किया और साथ ही लाभार्थियों को इनकी चाबियां भी सौंपी। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में जेजे क्लस्टरों के निवासियों को पर्याप्त सुविधाओं से सुसज्जित बेहतर और स्वस्थ रिहायशी वातावरण प्रदान करना है। केंद्र सरकार द्वारा एक फ्लैट के निर्माण पर 25 लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। पात्र लाभार्थी कुल राशि का सात प्रतिशत से कम भुगतान करते हैं, जिसमें मामूली योगदान के रूप में 1.42 लाख रुपये और रखरखाव के पांच साल के लिए 30,000 रुपये शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने दिल्ली में वर्चुअली दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला भी वर्चुअली रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप सभी को साल 2025 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। साल 2025 भारत की विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाकर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है। 2025 में भारत की ये भूमिका और सशक्त होगी।। पीएम मोदी ने कहा कि ये वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा उत्पादन हब बनाने का होगा। ये वर्ष युवाओं नए स्टार्टअप और उद्यमिता में तेजी से आगे बढ़ाने का वर्ष होगा। ये वर्ष कृषि क्षेत्र में नए कृर्तिमानों का होगा।।ये वर्ष ईज ऑफ लिविंग बढ़ाने का होगा। पीएम मोदी ने इस अवसर पर दिल्ली के द्वारका में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के एकीकृत कार्यालय परिसर का भी उद्घाटन किया। इस पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें कार्यालय, ऑडिटोरियम, उन्नत डेटा सेंटर, व्यापक जल प्रबंधन प्रणाली आदि शामिल हैं। पर्यावरण के अनुकूल इस भवन का निर्माण उच्च पर्यावरणीय मानकों के अनुसार किया गया है और इसे भारतीय हरित भवन परिषद के प्लेटिनम रेटिंग मानकों के अनुसार डिजाइन किया गया है।

मखियाली के पास ट्रक ने युवक को रौंदा, मौके पर ही मौत

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। मखियाली के निकट एक अंधे ट्रक चालक ने एक बाइक सवार युवक को उस समय रौंद डाला, जब वह पेपर मिल से काम करके अपने घर वापस लौट रहा था। दुखद बात यह रही कि युवक ने हेलमेट भी पहना हुआ था, मगर अंधे ट्रक चालक की रफ्तार इतनी अनियंत्रित थी कि उसने युवक की बाइक में टक्कर मारने के बाद उसके दोनों पैरों पर ट्रक चढ़ा दिया, जिससे दोनों पैर कुचले गये और मौके पर ही युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की बाइक पर गुर्जर लिखा हुआ है। बुलेटिन व्हाटसएप ग्रुप पर जब इसकी सूचना किसी सज्जन व्यक्ति ने दी तो बुलेटिन द्वारा युवक की बाइक संख्या यूपी-12बीएस-9926 की फोटो व युवक की दुर्घटना की फोटो व्हाटसएप पर चलाकर परिजनों को सूचित किया गया।

बीपीएससी अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग, प्रदर्शन

पटना, 03 जनवरी (एजेंसी)। बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी 18 दिसंबर से धरने पर बैठे और इसके बाद बीपीएससी अभ्यर्थी इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों के साथ सीएम हाउस का घेराव करने के लिए निकल गये। यहां पर प्रदर्शन जारी किया गया। 70वीं बीपीएससी के री-एग्जाम की मांग को लेकर बिहार में सांसद पप्पू यादव ने आज चक्का जाम बुलाया है। वहीं, प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर बैठे हैं। गांधी मैदान में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके साथ कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। डीएम चंद्रशेखर सिंह कहा कि गांधी मैदान में प्रशांत किशोर अनाधिकृत रूप से अनशन कर रहे हैं। इनको जिला प्रशासन ने अनशन की कोई अनुमति नहीं दी है। पीके के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। बीपीएसपी प्रदर्शन की हर अपडेट आप को यहां मिलती रहेगी। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के समर्थकों ने 70वीं बीपीएसपी परीक्षा को रद्द करने और पटना में छात्रों पर हुई पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में आज किशनगंज के बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 27 को जाम कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा मदीना चौक पर छापा

अमृत अस्पताल का ऑपरेशन कक्ष किया सीज, मांगे दस्तावेज

मुजफ्फरनगर, 03 जनवरी (बु.)। नीम हकीम खतरा-ए-जान की जनपद में बढ़ती जा रही परिपाटी पर अंकुश लगाने की खातिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोरों पर लगातार छापामार कार्रवाई के साथ सीज किए जाने का अभियान शुरू है। शुक्रवार को इसी कड़ी में नगर के सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन में जिला अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने कच्ची सड़क मदीना चौक के निकट संचालित एक निजी अस्पताल पर छापा मारा। स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में शुक्रवार को कच्ची सड़क मदीना चौक के निकट संचालित हो रहे अमृत हॉस्पिटल के ऑपरेशन कक्ष को सीज किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस दौरान अस्पताल के दस्तावेजों का निरीक्षण किया जो उन्हें निजी हॉस्पिटल में कोई ऑपरेशन कक्ष संचालित करने के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसके चलते अमृत अस्पताल के ऑपरेशन कक्ष को सीज किए जाने के साथ हॉस्पिटल संचालक को दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। टीम द्वारा की गई उक्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

योगी ने राइफल से लक्ष्य पर लगाया सटीक निशाना

गोरखपुर, 3 जनवरी (वार्ता) खेलों में दिलचस्पी लेने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को शूटिंग रेंज में राइफल से लक्ष्य से सटीक निशाना लगा कर सबको हतप्रभ कर दिया। गोरखपुर के भाटी विहार कॉलोनी में नवनिर्मित मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह में योगी आदित्यनाथ ने इसके शूटिंग रेंज में राइफल से लक्ष्य पर निशाना भी साधा। उनकी सटीक निशानेबाजी देख साथ में मौजूद लोग हतप्रभ रह गए। मुख्यमंत्री ने पहली ही बार में 'बुल्स आई' टारगेट कर दिया, यानी सौ फीसद सटीक लक्ष्य पर ही निशाना। मुख्यमंत्री की खेलों के प्रति खासी दिलचस्पी है। इसमें भी पारंपरिक भारतीय खेलों के साथ निशानेबाजी से उनका लगाव कई बार सार्वजनिक देखा जाता है। जब भी वह सैन्य प्रदर्शनियों और खेल एकेडमी या खेल केंद्रों में जाते हैं तो निशानेबाजी के अभ्यास से खुद को नहीं रोक पाते। शुक्रवार को गोरखपुर के भाटी विहार कॉलोनी में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री जब मल्टीपर्पज हाल में बने शूटिंग रेंज में आए तो उन्होंने दस मीटर रायफल शूटिंग के रेंज पर निशानेबाजी में हाथ आजमाया। उनका पहला शॉट ही बुल्स आई रहा। उनके सटीक निशाने पर वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्य चकित होकर मुस्कराने लगे। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान तथा सैनिक स्कूल के लोकार्पण के दौरान भी निशानेबाजी के अभ्यास में हाथ आजमा चुके हैं।